हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 25 अप्रैल 2025



# उधार के पैसे मांगने पर करता था विवाद, परेशान होकर की थी हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुरानी रंजिश के चलते योजनाबद्ध तरीके से डंडे से हमला कर युवक की हत्या आरोपियों ने कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 20 अप्रैल को ग्राम लतमर्रा से करवारी जाने वाले रोड मुख्य मार्ग ग्राम लतमर्रा में एक अज्ञात व्यक्ति की खून से लथपथ शव मिलने पर थाना डोंगरगढ़ में धारा- 103(1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कर रही थी।

पुलिस के अनुसार प्रकरण विवेचना के दौरान मृतक का देवलाल मंडावी पिता स्व. रामहू मंडावी 35 साल निवासी कन्हारगांव ओपी मोहारा के रूप में पहचान किया गया। अज्ञात आरोपी के पता तलाश के दौरान घटना दिनांक को देवलाल मंडावी को ग्राम करवारी निवासी योगेश चौरे के साथ स्कूटी में जाते देखना पता चला, जिस पर सीसीटीवी फुटेज एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर आरोपी का पता तलाश किया गया। संदेही योगेश चौरे निवासी ग्राम करवारी, महेन्द्र नेताम निवासी ग्राम करवारी एवं ओमकार मंडावी को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया।

पुलिस के अनुसार पूछताछ पर पता चला कि एक साल पहले देवलाल मंडावी आरोपी ओमकार मंडावी से करीबन दो लाख पचास हजार रुपए उधार लिया था। पैसा वापस मांगने पर देवलाल मंडावी हमेशा



झगड़ा लड़ाई करता था एवं धमकी भी देता था। आरोपी ओमकार मंडावी के भांजा महेन्द्र नेताम निवासी करवारी जो अपने मामा के यहां ग्राम कन्हारगांव में रहता है, के द्वारा 3 माह पूर्व ग्राम करवारी निवासी अपने दोस्त योगेश चौरे

⏩ शेष पेज 12 पर

## मारने का हुआ था सौदा

पुलिस के अनुसार 20 अप्रैल को आरोपी महेन्द्र नेताम अपने दोस्त करवारी निवासी योगेश चौरे से संपर्क कर उसे अपने साथ लेकर कटली शराब भट्ठी गए, दोनों शराब पीये। बाद में महेन्द्र नेताम अपने मामा को ग्राम कलकसा बुलाया, जहां आरोपी ओमकार मंडावी द्वारा देवलाल मंडावी को आज मारना है, जितना खर्चा लगेगा मैं दूंगा कहा, तब योगेश चौरे 5-6 लाख रुपए लगेगा कहा, तो ओमकार मंडावी तैयार हो गया। देवलाल मंडावी का मोटर साइकिल घटना के 4-5 दिन पहले एक्सीडेंट हुआ था, मोटर साइकिल को डोंगरगढ़ में बनवाने दिया था, जो बन गया है एवं एक्सीडेंट करने वाले व्यक्ति तुम्हें बुला रहा है कहकर बहना बनाकर देवलाल मंडावी को घर से लाने एवं उसे दारू पिलाने- खिलाने योगेश चौरे को 5000 रुपए देकर ग्राम कन्हारगांव भेजा दिया। ओमकार मंडावी अपने घर चले गया।

## पैदल जाते समय डंडा से किया हमला

मृतक देवलाल मंडावी को आरोपी योगेश चौरे डोंगरगढ़ लेकर आया, जहां दोनों शराब पीये। आरोपी महेन्द्र नेताम दूर छुपकर नजर रख रहा था। देवलाल मंडावी को ज्यादा नशा हो गया था, जिसे अकेले छोड़कर योगेश चौरे घर चला गया। ओरोपी महेन्द्र नेताम चुपके से देवलाल मंडावी का पीछा कर रहा था, जिसे अकेले पैदल करवारी रोड तरफ जाते देखकर आरोपी योगेश चौरे को बुलाया। दोनों मोटर साइकिल में बैठकर मोटर साइकिल महेन्द्र नेताम चला रहा था और पीछे बैठे योगेश चौरे एक सागौन के डंडा से पैदल जा रहे देवलाल मंडावी के चेहरे में वार कर दिया। जिससे देवलाल मंडावी नीचे जमीन में गिर गया। गिरने के बाद योगेश चौरे उसके बाद महेन्द्र नेताम सागौन के डंडे से देवलाल मंडावी के सिर एवं चेहरे मारकर हत्या कर मौके से फरार हो गए। पुलिस के अनुसार संपूर्ण घटना के दौरान ओमकार मंडावी आरोपी योगेश चौरे एवं महेन्द्र नेताम से लगातार मोबाइल में संपर्क में रहकर सलाह देता रहा। देवलाल मंडावी की हत्या आरोपी ओमकार मंडावी के कहने पर ही आरोपी योगेश चौरे एवं महेन्द्र नेताम द्वारा किया गया है।

छ.ग.-प्री.बी.एड.
प्रवेश परीक्षा 2025
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि
25/04/2025
(संध्या 5 बजे तक)
बी.एम. कॉलेज
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829

## खबर संक्षेप

### अवैध रूप से शराब बिक्री, दो गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने अवैध रूप से शराब बिक्री करने वालों पर कार्रवाई कर 48 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद कर कार्रवाई की है।पुलिस सूत्रों के अनुसार 23 अप्रैल को डोंगरगांव पुलिस को प्राप्त मुखबीर से सूचना के आधार पर पुलिस टीम गठित कर मुखबीर के बताए स्थान पर घेराबंदी कर रेड कार्रवाई किया गया। रेड कार्रवाई के दौरान आरोपी विशाल शेंडे उर्फ विंशु 24 साल पता ग्राम उमरवाही, हिरेन्द्र कुमार ठाकुर 31 साल पता ग्राम करेठी के विरूद्ध अपराध धारा- 34(1) (ख) आबकारी एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया है।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** पीड़िता से कुकर्म करने के मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने जांच-पड़ताल करते आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। 13 अप्रैल को पीड़िता द्वारा थाना खैरागढ़ जिला केसीजी में रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी गजेंद्र वर्मा 26 साल निवासी पुरैना पुलिस चौकी मोहारा शादी का झांसा देकर 1 मार्च 2022 से 17 दिसंबर 2024 के मध्य अलग-अलग जगह पर ले जाकर जबर्दस्ती शारीरिक संबंध बनाकर यौन शोषण किया है। अपराध पंजीकृत कर घटना क्षेत्र पुलिस चौकी मोहारा थाना डोंगरगढ़ का होना से अग्रिम विवेचना हेतु पुलिस चौकी मोहारा को प्राप्त होने पर धारा 69 बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। आरोपी से पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा पीड़िता के साथ जबर्दस्ती शारीरिक संबंध बनाए जाने एवं पीड़िता, परिजन के कथन व घटनास्थल निरीक्षण पर अभियुक्त द्वारा धारा 69 बीएनएस का अपराध घटना घटित होना पाए जाने से आरोपी गजेंद्र वर्मा 26 साल निवासी पुरैना को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया गया।

## मांय एंगल




## जनता को राहत पहुंचाने प्रदेश सरकार ने किए कई अहम बदलाव

# बदले नियम: अब बताना होगा कहां क्या बना रहे, अवैध प्लाटिंग की तो होगी एफआईआर!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पिछले कुछ सालों में लगातार बढ़ती जमीन के अवैध करोबार की शिकायतों के बीच अब प्रदेश सरकार ने नया प्लान तैयार कर लिया है। इस खेल से जुड़े भू-माफियाओं पर लगाम कसने के लिए प्रदेश सरकार ने अब नए और सख्त नियम बना दिए हैं। बदलाव के बाद अब किसी भी बिल्डर या कॉलोनाइजर को प्लाटिंग की अनुमति तभी दी जाएगी, जब वो पहले से ही यह तय करेगा कि प्ला टिंग के किस हिस्से में कौन सा निर्माण होगा। वहीं यदि कोई कॉलोनाइजर अवैध प्लाटिंग करता है तो उसके खिलाफ सीधे एफआईआर दर्ज की जाएगी। हालांकि नए नियमों में कई प्रकार की राहत भी दी गई है। जिसके अनुसार अब कलेक्टर गाईड लाइन के मुताबिक शुल्क अदा कर टाउन एंड कंट्री प्लानिंग में आवासीय भूमि पर भी प्लॉटिंग हो सकेगी। ऐसा माना जा रहा है कि इसके बाद अवैध प्लाटिंग की शिकायतें पूरी तरह से खत्म हो जाएगी।



उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ सालों में जिले से लेकर प्रदेशभर में अवैध कालोनियों की शिकायतें तेजी से बढ़ी है। ज्यादातर शिकायतों में लोगों का दावा रहता है कि बिल्डर या कॉलोनाइजर ने उन्हें रोड-रास्ते की जमीन बेच दी है या फिर प्लॉटिंग करने वाले जहां क्लब, गार्डन या सामुदायिक भवन बनाने का वादा किया था, उस जमीन को भी दूसरे लोगों को बेच दिया। इस वजह से जमीन फर्जीवाड़े की शिकायतें भी बढ़ने लगी थी। ऐसे में अब नए नियमों के तहत इस तरह की शिकायतों को रोकने की कोशिश साय सरकार कर रही है। नया प्रारूप लागू होने पर कॉलोनाइजर को सीधा फायदा होगा। वैसे इसमें प्रावधान रहेगा कि टाउन एंड प्लानिंग विभाग से नक्शा पास कराने के लिए कोई बिल्डर या कॉलोनाइजर गलत जानकारी देता है तो उस पर एफआईआर भी कराई जा सकती है। बिल्डर को नक्शे में बताना होगा कि उसने किस काम के लिए कौन सी जमीन कहां छोड़ी है। इसकी फोटो भी जमा करनी होगी।

**जिस काम के लिए जमीन, वहीं करना होगा :** नए नियमों के तहत कॉलोनाइजर ने जिस काम के लिए जगह छोड़ी है, उसे वही करना होगा। इसके लिए बाउंड्रीवॉल बनाकर वहां बोर्ड भी लगाना होगा। इतना ही नहीं अब हर प्लाटिंग एरिया में सड़कें भी एक समान होगी। यानी सड़क की लंबाई-चौड़ाई भी पहले से तय की जाएगी। इस नियम के बाद कोई भी बिल्डर या कॉलोनाइजर प्लाटिंग खत्म होने के बाद रोड-रास्ते की जमीन नहीं बेच पाएगा।

### नहीं कर पाएंगे धोखाधड़ी

शहर में दर्जनों कॉलोनियां ऐसी है, जहां कालोनाइजर द्वारा प्लाटिंग से पहले गार्डन, क्लब, मंदिर और जीम बनाने जैसे वादे किए गए, लेकिन प्लाट बेचने के बाद इन वादों को पूरा करने की जगह, उनके लिए आरक्षित जमीन को भी बेच दिया गया। धोखाधड़ी का आलम ऐसा रहता था कि कई बिल्डर कॉलोनी में छोड़े रास्ते तक को बेच दिया करते थे, लेकिन इससे अक्सर विवाद की स्थिति बनती है, लेकिन अब नए नियमों के तहत ऐसा नहीं किया जा सकेगा। ऐसा करने पर सीधे एफआईआर दर्ज की जाएगी।

### सड़क, बाउंड्री जरूरी

कोई भी बिल्डर या कॉलोनाइजर प्लाटिंग करेगा तो उसे सभी निर्माण के लिए बाउंड्रीवॉल के साथ जमीन छोड़नी होगी। प्लाटिंग कितने एरिया में होगी यह भी तय रहेगा। सड़क की लंबाई-चौड़ाई भी पहले से तय रहेगी। इससे लोगों को पता चलेगा कि वे जहां प्लॉट खरीद रहे हैं, वहां किस तरह के निर्माण किस दिशा में होंगे। इसके अलावा प्लॉटिंग एरिया में कृषि जमीन शामिल होगी तो उसे भी कलेक्टर गाईड लाइन के अनुसार शुल्क लेकर आवासीय कर दिया जाएगा।

### इन नियमों से भी होगा फायदा

प्लॉटिंग का एरिया 2 से 10 एकड़ तक का रहेगा। भूखंडीय विकास के लिए न्यूनतम क्षेत्रफल 3.25 एकड़ रहेगा, जहां प्लाटिंग हो रही, वहां पहुंच मार्ग की चौड़ाई न्यूनतम 9 मीटर और आंतरिक मार्ग की लंबाई न्यूनतम 8 मीटर होगी। सामुदायिक कामों के लिए जगह पर न्यूनतम 5% छोड़ना होगा। सामुदायिक खुली जगह 250 वर्ग मी. से कम नहीं होगी। कम्युनिटी हॉल, क्लब आदि के लिए प्लॉटिंग एरिया का 2 फीसदी और व्यावसायिक क्षेत्र में 3% छोड़ना होगा। प्लाटिंग एरिया में प्लॉट की साइज अधिकतम 150 वर्गमीटर तक ही होगी।

## 5वीं-8वीं बोर्ड परीक्षा

# मूल्यांकन बाद तैयार हो रही अंकसूची, 30 को जारी होंगे परिणाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



करीबन 16 साल बाद आयोजित की गई पांचवी एवं आठवी की बोर्ड परीक्षा का मूल्यांकन कार्य पूरा होने के बाद अब अंकसूची तैयार की जा रही है। कल 25 अप्रैल तक अंकसूची तैयार कर स्कूलों में पहुंचा दी जाएगी। वहीं आगामी 30 अप्रैल को सभी स्कूलों में एक साथ परिणामों की घोषणा की जाएगी। वहीं उत्तर पुस्तिकाओं को भी अगले तीन महीने के लिए सुरक्षित रखा जाएगा।

भले ही इस बार बोर्ड की तर्ज पर परीक्षा आयोजित की गई हो, लेकिन केंद्रीय शिक्षा नीति के तहत किसी भी छात्र को फेल नहीं किया जाएगा। हालांकि वार्षिक परीक्षा में किसी भी विषय में फेल होने वाले छात्र को पूरक परीक्षा में बैठने दिया जाएगा। ज्ञात हो कि जिले में पांचवी में लगभग 13 हजार एवं आठवीं में करीबन 12 हजार छात्रों ने बोर्ड परीक्षा दी है। इन सभी विद्यार्थियों को अगली कक्षा में प्रवेश दे दिया जाएगा।

### जून में आयोजित होगी पूरक परीक्षा

मिली जानकारी के अनुसार 30 अप्रैल को परिणाम की घोषणा के बाद पूरक आने वाले बच्चों की एक महीने कक्षाएं ली जाएगी। इन बच्चों को जून महीने में आयोजित होने वाली पूरक परीक्षा के लिए तैयार किया जाएगा। जून में ही पूरक परीक्षा का आयोजन कर परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। हालांकि पूरक में भी फेल होने पर बच्चों को अगली कक्षा में प्रवेश दे दिया जाएगा। ऐसे में इस परीक्षा का बहुत अधिक महत्व नहीं रहेगा। मिली जानकारी के अनुसार अंक सूची तैयार कर ली गई है।

# दो दिनों तक हीटवेव चलने के बाद, तीन डिग्री तक लुढ़केगा अधिकतम तापमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पिछले दस दिनों से लगातार हीटवेव से जूझ रहे जिलेवासियों को अगले दो दिन और ऐसे ही स्थिति में रहना होगा। अगले दो दिन जिले में हीटवेव के हालात बने रहेंगे। हालांकि उसके बाद के अगले 48 घंटे में तापमान 2 से 3 डिग्री लुढ़क सकता है। जिससे कुछ राहत मिलने की संभावना है। इधर गुरुवार को भी जिले का तापमान 44.5 डिग्री पर रहा। वहीं रात में भी गर्म हवाओं का दौर बना हुआ है।

मौसम विभाग के अनुसार एक पश्चिमी विक्षोभ मध्य क्षोभमंडल में द्रोणिका के रूप में 69 डिग्री पूर्व और 31 डिग्री उत्तर में स्थित है। एक द्रोणिका मध्य छत्तीसगढ़ से मन्नार की खाड़ी तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में कल 25 अप्रैल को मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है, फिर भी बस्तर संभाग के जिलों में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ छींटे पड़ सकते हैं। प्रदेश में अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। प्रदेश के बिलासपुर, दुर्ग और रायपुर संभाग के जिलों में ग्रीष्म लहर जैसी स्थिति अगले दो दिनों तक बने रहने की संभावना है।

### नमी से होगी बारिश



मौसम विभाग के अनुसार गर्मी के इन दिनों से थोड़ी राहत मिल सकती है। प्रदेश के बस्तर संभाग में बंगाल की खाड़ी से नमी का आगमन होने के कारण 26 अप्रैल से मौसम बदल सकता है। इस दौरान प्रदेश के बस्तर संभाग से वर्षा के दौर का प्रारंभ होने की संभावना है। जिसके कारण प्रदेश में गर्मी से हल्की राहत होने की शुरूआत होने की संभावना है। इसका असर मोहला-मानपुर-चौकी जिले में देखने को मिल सकता है।

# पारींनाला में उर्स का आगाज, कव्वाल अजीम नाजा बांधेगे समां

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के पारींनाला स्थित हजरत बाबा सैयद जलालुद्दीन शाह रहमतुल्लाह अलेही की दरगाह पर 48वां सालाना उर्स का आयोजन जलालबाग उर्स कमेटी की जानिब से किया जा रहा है। इस चार दिवसीय उर्स में हिंदुस्तान के मशहूर फनकार मुम्बई के अजीम नाजा अपनी कव्वाली पेश कर समां बंधेंगे।

उर्स के आयोजन को लेकर जलालबाग कमेटी के सदर इरफान शेख और उर्स कमेटी के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते बताया कि 24 अप्रैल से 27 अप्रैल तक चार दिवसीय उर्स का आयोजन किया जा रहा है। उर्स के आयोजन के प्रथम दिन 24 अप्रैल को गुस्ल की फातेहा, परचम कुशाई, कुरआन खानी और जमा मस्जिद परिसर से शाही संदल निकाली गई, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए जलालबाग पहुंची। उर्स के आयोजन में 25 अप्रैल की रात 10 बजे से महफिले शिमा का प्रोग्राम होगा। जिसमें हजरत बाबा सैय्यद यासीन अली शाह (र.ह) पामगढ़ शरीफ के साहिबे सज्जादा सैय्यद हामीद अली यासीनी चिश्ती सहाब किबला की मौजूदगी में महफीले शिमा होगा। वहीं देवा शरीफ लखनऊ से हिन्दुस्तान के मशहूर कव्वाल क़मर अली वारसी भी प्रोग्राम पेश करेंगे।



### मंच पर दिखाई कौमी एकता की मिसाल

जलालबाग फोर्स कमेटी द्वारा कौमी एकता की मिसाल पेश करते पुरूष का आयोजन किया जाता है। इस उर्स कमेटी में सभी जाति-धर्म व समुदाय के लोग शामिल हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी कौमी एकता की झलक दिखाई दी। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दरगाह कमेटी के सदर इरफान शेख, उर्स कमेटी के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, हैरी जोसेफ, प्रिंस भाटिया, इमरान बीना जहीर अब्बास आदि मौजूद थे।

### तकरीर और नात शरीफ

26 अप्रैल की रात 9 बजे से अजीमुश्शान तकरीरी प्रोग्राम होगा। जिसमें आले नबी औलादे अली फाजीले यमन हुजुर रईसुल उलमा हजरत अल्लामा मौलाना अल्हाज सैय्यद जामी अशरफ किछौछा शरीफ और ज निजामत शायर ए ईस्लाम सैय्यद शोहेल कादरी फातिमी राजकोट गुजरात से, मौलाना सैय्यद मुहम्मद मोईनुद्दीन अशरफ, सैय्यद शागील ईमाम कादरी, अल्लामा मुहम्मद अहमद नक्सबन्दी हैदराबाद तेलंगाना से और नात खां ईमरान बरकाती जयपुरी एवं सुल्तान रजा कादरी महाराष्ट्र रौनके स्टेज होंगे।

### बेमिसाल कव्वाली प्रोग्राम

जलालबाग में 27 अप्रैल बरोज ईतवार की रात 10 बजे से कव्वाली का प्रोग्राम होगा। जिसमें मुझे लेके चलो ना ख्वाजा जी के मेले में फेम अजीम नाजा अपनी बेमिसाल कव्वालियों से समां बंधेंगे।

**विधानसभा अध्यक्ष रहेंगे उपस्थित :** जलालबाग के पदाधिकारियों ने बताया कि सालाना उर्स के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, अध्यक्षता वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज, सांसद संतोष पांडे, महापौर मधुसूदन यादव, पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, आईबी ग्रुप के एमडी बहादुर अली, खूबचंद पारख, संतोष अग्रवाल, प्रदेश कांग्रेस महामंत्री शाहीद खान, शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा, रमेश पटेल, सचिन बघेल, नवाज खान साहित अन्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।

समदा
सुपरस्पेशलिटी अस्पताल
NABH मान्यता प्राप्त
दंत रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन
डॉ. दीपिका जैन
बी.डी.एस., एम.डी.एस.
(आर्थोडोंटिक्स एवं डेन्टोफेशियल सर्जन)
एफ.सी.सी.डी. (मुंबई)
प्रतिदिन उपलब्ध
उपलब्ध सुविधाएं
सिंगल सिटिंग रूट कैनाल ट्रीटमेंट
टेढ़े-मेढ़े एवं बाहर निकले दांतों का उपचार (मेटल/सिरेमिक ब्रेसेस द्वारा)
ब्लीचिंग द्वारा दांत सफेद करना
लेजर/दांत के रंग की फिलिंग
क्लीयर अलाईनर
दांत निकालना
अक्ल दाढ़ निकालना
फ्रैक्चर जबड़े का ईलाज
मुंह कम खुलने का उपचार
इम्प्लांट द्वारा फिक्सड दांत लगाना
सभी प्रकार के मुंह के कैंसर एवं छाले का उपचार
बतीसी (फिक्सड/निकालने एवं लगाने वाली)
पायरिया, दांतों की सफाई एवं मसूड़ों की सर्जरी
• डिजिटल एक्स-रे • एडवांस्ड डेंटल ऑपरेशन थिएटर
• डेंटल लेज़र, डेंटल इम्प्लांट • फेशियल ट्रामा केयर
अपॉईंटमेंट : 07744-356654, 94255-29769
परामर्श समय :- सुबह 10 से शाम 7 बजे तक
बसंतपुर, महामाया चौक, VIP रोड राजनांदगांव (छ.ग.)

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
डॉ. कल्याण श्याम वझलवार
हमारी बाल चिकित्सा देखभाल और सेवाएं
• टीकाकरण
• नेबुलाइजेशन
• ओ.पी.डी. (बाह्य रोगी विभाग)
• आई.पी.डी. (इनपेशेंट विभाग)
• CPAP सतत सकारात्मक वायुमार्ग दबाव चिकित्सा
• वेंटिलेटर
• एन.आई.सी.यू. नवजात गहन चिकित्सा इकाई
• पी.आई.सी.यू. बाल चिकित्सा गहन चिकित्सा इकाई
• बिलीकेयर टेस्ट गैर इनवेसिव बिलीरूबिन मापक
• ओटोअकॉस्टिक एमिशन टेस्ट (OAE)
• नवजात बच्चों की सुनने की क्षमता के लिए जाँचें
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

अपने घर लेकर जाए
अपना मन पसंद जॉन डियर ट्रेक्टर
जिंदगी का बेस्ट डिसिज़न!
JOHN DEERE
5405
4WD
TREM IV
जॉन डियर के सभी कृषि उपकरण उपलब्ध
वंदना ट्राली के अधिकृत विक्रेता
जॉनसन थ्रेसर एवं नीरज सीड ड्रिल उपलब्ध
अधिकृत विक्रेता - जैन मोटर्स स्टेट हाईवे, कवर्धा रोड, खैरागढ़
ब्रांच- रायपुर नाका चौक, भारत साइकिल स्टोर बाजू में, राजनांदगांव 98279 53976 अंबागढ़ चौकी 8103024569 चिचोला गण्डई
संपर्क - 9977184777, 8120006476, 9406011166 सर्विस 8120006480, 8120001601

## खबर संक्षेप

### एडवांस योग का सफल प्रदर्शन



**डोंगरगांव।** प्रियदर्शनी इंदिरा सांस्कृतिक भवन में योग शिविर का आयोजन स्वामी रामदेव महाराज के शिष्य स्वामी नरेंद्र देव एवं स्वामी विप्र देव के मार्गदर्शन में किया गया है। शिविर में पंचूराम साहू, अलखराम साहू, गिरीश सोनी, सरिता साहू, इंदु साहू, साधुराम, अशोक वर्मा, डीके राम, डॉ. रंजन साहू, अशोक साहू आदि शामिल हो रहे है। गत दिनों माहुद मचान्दुर की दिव्या साहू, जिज्ञासा साहू, लीना बाम्बेसर, श्वेता गजभिए, अपर्णा रामटेके, बुद्धरत्ना रामटेके, प्रेरणा रामटेके, आदित्य बोरकर, रितिक रामटेके, विवेक गजभिए, आरूष मेश्राम, उमंग भुआर्य तथा मनीष साहू ने एडवांस योग का प्रदर्शन किया।

### चार व्याख्याता आज जाएंगे पुणे



**छुरिया।** विज्ञान, प्रौद्योगिकी और गणित का प्रशिक्षण लेने पीएमश्री स्कूल के शिक्षक पुणे जाएंगे। राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित संस्थानों के शिक्षकों के कौशल विकास कार्यक्रम अंतर्गत तृतीय और चतुर्थ चरण में चयनित पीएमश्री विद्यालयों से 132 व्याख्याता भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान पुणे में आयोजित पांच दिवसीय कार्यशाला में शामिल होंगे। यह कार्यशाला राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा द्वारा पीएमश्री योजना अंतर्गत शिक्षकों की गणित, विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी में क्षमता विकास हेतु आयोजित है। कार्यशाला में पीएमश्री समन्वयक आशीष गौतम के नेतृत्व में 132 व्याख्याताओं की टीम 25 अप्रैल को पुणे रवाना होगी। इस कार्यशाला में जिले के 4 व्याख्याता शामिल होंगे जिसमें लेखा साहू व्याख्याता जीव विज्ञान राजनादगांव, पूजा भार्गव व्याख्याता जीव विज्ञान डोंगरगढ़, निखिलेश जंबुलकर व्याख्याता रसायन छुरिया, संदीप कुमार वर्मा व्याख्याता गणित डोंगरगांव शामिल हैं।

### नए सिरे से तय पंप कनेक्शन का लक्ष्यः विष्णु

**डोंगरगढ़।** कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने राज्य विद्युत वितरण कंपनी द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए लिफ्ट सिंचाई पंप कनेक्शनों हेतु निर्धारित लक्ष्य की आलोचना करते हुए कहा कि इससे स्पष्ट हो गया है कि किसानों की जरूरतों और कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को लेकर सरकार असंवेदनशील है। उन्होंने निर्धारित लक्ष्य को ऊँट के मुँह में ज़ीरा जैसा बताते हुए कहा कि राज्य में 51358 सिंचाई पंप कनेक्शन लंबित हैं, वहां सिर्फ़ 5025 पंपों को मंजूरी देना निराशाजनक है। उन्होंने बताया कि राजनांदगांव में 3941 के बदले 390, खैरागढ़ छुईखदान गडई 1506 के बदले 170, मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी में 1618 में 180, कबीरधाम में 1798 में 200 पंप कनेक्शन को स्वीकृति दी गई है। उन्होंने लंबित कनेक्शनों को देखते हुए नए सिरे से लक्ष्य तय करने, 50 प्रतिशत लंबित कनेक्शनों को पूर्ण करने और प्राथमिकता में गरीब और छोटे किसानों को रखकर कनेक्शन देने की मांग की है।

### विकास के लिए मजबूत पंचायत जरूरी

**अर्जुनी।** नवीन शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशन में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस राजनीति विज्ञान विभाग के तत्वावधान में मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमती ठाकुर ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पंचायती राज व्यवस्था की अवधारण, पंचायती राज व्यवस्था की गठन प्रक्रिया आदि ने छात्र- छात्राओं को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के उत्थान और ग्रामीण विकास में पंचायती राज व्यवस्था का अहम योगदान है। ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की गति बनाए रखने के लिए पंचायती राज का मजबूत होना आवश्यक है। इस दौरान विकसित भारत की परिकल्पना को आगे बढ़ाने शुरू की गई प्रमुख परियोजनाओं के बारे में भी बताया गया। इस दौरान रीतु ठाकुर, वेणुका, गितेश, मोनिका, देव्यानी, प्रिया, नेहा, प्रिया सोनकर, सरस्वती, पूनम, पुजा भुआर्य, पलक, वीणा, राधिका, अनिता उपस्थित थी। कार्यक्रम का संचालन योगेंद्र देवांगन एवं अंत में आभार व्यक्त योगेंद्र देवांगन ने किया।

### जिला अध्यक्ष ने भवन के लिए दिए पांच लाख




**सड़क अतरिया।** गुरुवार को ग्राम सड़क अतरिया में मुमुक्षु गौरव नाहटा का अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्हन ताम्रकार शामिल हुए। उन्हें वरघोड़ा में शामिल हुए तथा मंच को संबोधित करते कहा कि यह नाहटा परिवार, समाज एवं क्षेत्र के गौरव की बात है। संयम पथ पर चलने का फैसला अविस्मरणीय है, जो हम सबके लिए बहुत बड़ी सिख है। इस मौके पर उन्होंने सड़क अतरिया में जैन भवन के लिऐ पांच लाख रुपए देने की घोषणा किया।

## बेजा खर्च पर नियंत्रण के आदेश, माली हालत सुधारने अध्यक्ष ने संभाली कमान

# नपं बेपटरी, कर्मियों का वेतन और पार्षदों का मानदेय अटका, अन्य भुगतान भी लटके

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

स्थानीय नगर पंचायत की व्यवस्था पटरी से उतर गई है। निकाय की माली हालत इतनी खराब है कि कर्मचारियों के वेतन का भुगतान नहीं हो पा रहा है। नियमित कर्मचारियो को फरवरी से वेतन नहीं मिला है। पूर्व पार्षदों को अपने मानदेय लेने के लिए चक्कर काटना पड रहा है। सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पेंशन के लिए सालो से अंशदान जमा नही हुआ है। प्लेसमेंट एवं नियमित कर्मचारियों की कई वर्षों से भविष्य निधि और पेंशन अनुदान राशि ही जमा नहीं हुई है।

जानकारी के अनुसार आर्थिक स्थिति के कारण नगर पंचायत विकास के मामले में भी काफी पिछड गई है। निकाय में चारो तरफ हाहाकार की स्थिति है। नई परिषद के सामने निकाय की स्थिति ठीक करने के साथ पेयजल, स्वच्छता, प्रकाश, सडक सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को पटरी पर लाने के लिए बड़ी चुनौती है। नगर पंचायत की आर्थिक स्थिति इतनी दयनीय है कि कर्मचारियों को वेतन देने के लाले पड़े हैं। स्थापना व्यय इतना बढा हुआ है कि निकाय मुश्किल से प्लेसमेंट कर्मचारियो को वेतन दे पाती है लेकिन ईपीएफ राशि खाते में जमा नहीं हो पा रही है, जिससे कर्मचारियो आक्रोश की स्थिति है।

### दो माह से वेतन नहीं मिला

नगर पंचायत के रेगुलर कर्मचारियों को फरवरी माह से वेतन नहीं मिला है। इधर एक सप्ताह बाद अप्रेल माह के भी गुजर जाने पर तीन माह का वेतन लंबित हो जाएगा। वर्तमान में वेतन भुगतान की संभावना दूर तक दिखाई नहीं दे रही है। पता चला है कि आर्थिक हालत को देखते हुए अध्यक्ष मानिकपुरी ने सोमवार रायपुर में नगरीय प्रशासन विकास विभाग के संचालक एवं अन्य अधिकारियों से भेंट कर भुगतान के लिए अनुदान देने की मांग रखी है।

### ईपीएफ खाते में जमा नहीं हो रही राशि



**स्थिति सुधारने का प्रयास**

फिजूल खर्ची एवं औचित्यहीन कार्यो पर रोक लगाने कहा गया है। दो साल में निकाय की आर्थिक स्थिति सुदृढ करने का प्रयास किया जाएगा। कार्ययोजना बनाकर वर्क प्रारंभ कर दिया गया है। **- अनिल मानिकपुरी,** अध्यक्ष

### तीन साल का ईपीएफ जमा नहीं

नगर पंचायत की आर्थिक स्थिति का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि प्लेसमेंट कर्मचारियों का कर्मचारी भविष्य निधि में जमा होने वाली राशि को भी नगर पंचायत ईपीएफ खाते में जमा नहीं करा पाई है। सूत्रो के अनुसार यह राशि 50 लाख से अधिक है। प्लेसमेंट कर्मचारी इस बात से नाराज है कि उनकी ईपीएफ राशि सालों से खाते में जमा नहीं हो रही है। कभी दुर्घटना होने या आपातकालिन स्थिति में वह अपने खाते से पैसे नहीं निकाल पाएंगे। बताया जाता है कि रेगुलर कर्मचारियो के भी खाते में ईपीएफ एवं पेंशन अंशदायी राशि भी 5 सालों से जमा नही हुई है। यह राशि 60 लाख से अधिक है।

### मानेदय सालभर से अटका

जानकारी के अनुसार पुराने पार्षदों का मानदेय एक वर्ष से अटका है। पिछली परिषद के पार्षद मानदेय के लिए कार्यकाल में चक्कर काटते रह गए लेकिन कार्यकाल खत्म होने तक मानदेय नहीं मिल पाया। पार्षदों द्वारा ज्ञापन सौंपने के बाद भी फंड के अभाव में भुगतान नहीं हो पाया है। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने सीएमओ को पहले पुराने पार्षदों को मानदेय का भुगतान करने के निर्देश दिया है।

### शपथ समारोह का भुगतान अटका

नगर पंचायत की माली हालत इतनी खराब है कि शपथ ग्रहण कार्यक्रम में नागरिकों के लिए बुलाए गए चाय, नाश्ता एवं फूल माला की राशि का भी भुगतान अटका हुआ है। बताया जाता है कि नगर पंचायत अध्यक्ष ने जलपान की व्यवस्था अपने खर्च से किया था। अध्यक्ष ने केवल शामियाना का भुगतान करने कहा था।

### आमदनी चवन्नी खर्चा रूपैया

जानकारी के अनुसार नगर पंचायत का स्थापना व्यय इतना बढा हुआ है कि कर्मचारियो को वेतन भुगतान के लिए परेशनियों का सामना करना पड़ रहा है। रेगुलर कर्मचारियो को हर माह 12 लाख एवं प्लेसमेंट कर्मचारियो को प्रति माह 3 लाख रूपए वेतन में भुगतान करना पडता है जबकि निकाय सख्ती से वसूली भी करे तो हर माह चार या पांच लाख ही मिल सकते है। कर्मचारियों के वेतन के मामले में निकाय को अनुदान पर निर्भर रहना पडता है।

### फिजूलखर्ची से बिगड़ी हालत

नगर पंचायत की माली हालत खराब होने के बाद भी वर्ष 2020 से 2024 के बीच आय का काफी फिजूल एवं औचित्यहीन कार्यों में खर्च कर दिया गया। बताया जाता है कि सीएमओ एवं इंजीनियर क्वार्टर की साज सज्जा, कार्यालय की साज सज्जा तथा टाउन हाल एवं अन्य भवनों का बार बार रंग रोंगन तथा डीजल सहित टैंकर एवं वाहनों की मरम्मत एवं नाली सडक मरम्मत तथा सामान खरीदी में लाखों रूपए व्यर्थ खर्च कर दिया गया है।




## 125 गरीब परिवारों को मिला स्वामित्व पट्टा

**डोंगरगांव।** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत सांगिनकछार में स्वामित्व योजना अंतर्गत पट्टा वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति जागृति चुन्नी यदु, नायब तहसीलदार झरना राजपूत, सरपंच सुमरित वर्मा, बगदई सरपंच कुलदीप ठाकुर, माथलडबरी की सरपंच कोमिन साहू शामिल हुई। इस अवसर पर श्रीमती यदु ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष रमनसिंह, सांसद संतोष पांडे के प्रति आभार व्यक्त किया जिनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ निरंतर विकास की ओर अग्रसर है। उन्होंने ग्राम के 125 परिवारों को स्वामित्व पट्टा वितरित किया। उन्होंने स्वामित्व पट्टा मिलने के बाद प्रधानमंत्री आवास सहित अन्य योजनाओं का लाभ मिलने की जानकारी दी। इस अवसर पर मनोहर वर्मा, मुन्नी वर्मा, नीलकंठ यादव, नूतन साहू, तुलाराम साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### डिजिटल सेवा केन्द्र का शुभारंभ



**अर्जुनी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत कोटरासरार में अटल डिजिटल सेवा केंद्र का शुभारंभ किया। ग्राम पंचायत कोटरासरार में 24 अप्रैल राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया गया साथ ही अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का उदघाटन वर्चुअल माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। इस योजना से ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं अंतर्गत डीबीटी के माध्यम से प्राप्त होने वाली राशि के नगद र आहरण की सुविधा मिलेगी। इस कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष रंजिता पड़ौती, उपाध्यक्ष मनीष साहू, सदस्य रेशमा साहू, सरपंच, पंच के साथ ग्रामीण शामिल हुए। इस दौरान लोगों को राष्ट्रीय जल मिशन के तहत जल संरक्षण की शपथ दिलाया गया। गांव में जन सहयोग से निर्मित शीतला मंदिर के ज्योति कक्ष भवन का उद्घाटन किया गया।

## मुमुक्ष गौरव नाहटा का भव्य अभिनंदन






हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

सड़क अतरिया में गुरूवार को नाहटा परिवार, जैन समाज एवं ग्रामीणों ने कार्यक्रम आयोजित कर स्व. दिलीप नाहटा, माता प्रमिला नाहटा के पुत्र मुमुक्षु गौरव नाहटा का अभिनंदन किया। ज्ञात हो कि नाहटा परिवार की लाडली एवं मुमुक्षु गौरव की बहन छह माह पूर्व दीक्षा लेकर संयम के पथ पर अग्रसर हो चुकी है।

गौरव भी गुरू के सानिध्य एवं बहन से प्रभावित होकर संयम पथ पर चलने निर्णय लिया है। नाहटा परिवार एवं समाज ने मुमुक्षु के इस निर्णय का सहर्ष स्वागत किया है।

जानकारी अनुसार आचार्य प्रवर रामलाल एवं राजेश मुनि के सानिध्य में मुमुक्षु गौरव नाहटा का आगामी 30 अप्रैल को राजस्थान के गंगा शहर भीनासार में दीक्षा लेना संभावित है। दीक्षा पूर्व परिवार, समाज एवं ग्रामीणों ने कार्यक्रम आयोजित कर परंपरानुसार अभिनंदन किया। कार्यक्रम अंतर्गत सुबह भव्य दीक्षा वरघोड़ा निकाला गया। भजन कीर्तन के साथ सभी उनके निवास पहुंचे। तत्पश्चात अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। मुमुक्षु गौरव ने अपने अनुभव, निर्णय एवं संयम पथ पर चलने का कारण बताया। उपस्थित लोगों ने तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। इसके पश्चात मेहंदी, गौतम प्रसादी, हाथ काम, वीरा बधाना, गुरू भक्ति डोरा बंधन सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### बहन के बाद भाई भी संयम की राह पर

मुमुक्षु गौरव नाहटा तीन भाई बहनों में सबसे छोटा है। उसका बचपन से गुरू भक्ति और भजन कीर्तन में लगाव रहा है। छह माह उसकी बड़ी बहन ने राजस्थान के भीलवाड़ा में आचार्य रामेश के सानिध्य में दीक्षा ग्रहण किया था। बहन के दीक्षा लेने के बाद गौरव नाहटा ने भी संसारिक मोह त्याग कर संयम की मार्ग पर चलने का निर्णय लिया है। कार्यक्रम में कोमल जंघेल, प्रियंका ताम्रकार, विक्रांत सिंह, ज्योति जंघेल, डोमारसिंह, विनोद नामदेव, भंवरलाल नाहटा, केवलचंद नाहटा, झुमरलाल नाहटा, हमीरचंद नाहटा, राजेन्द्र नाहटा, राजेश बाफना, मुकेश कुमार, ललित नाहटा, चीकू, नवीन नाहटा, विजय नाहटा, महेश नाहटा, महावीर जैन, रोहित नाहटा मनीष नाहटा, संतोष नाहटा, मिथलेश नाहटा, महावीर नाहटा, चंदू बैद, निलेशचंद बैद, कपिल बैद, श्रृयांश नाहटा, रेखचंद नाहटा, अभय लोढ़ा, मनोज बाफना, नितीश बैद, मंगलचंद, ज्ञानूचंद, ललित चोपड़ा, सुभाष जैन, उत्तमचंद, नरेश चोपडा, अशोक सुराना, गौतमचंद सुराना, संतोष चौरड़िया, शुभम गोलछा, अशोक जंघेल, राधेमोहन वैष्णव, लल्ला कन्हैया दास, प्रकाश जंघेल, रोहित देवांगन, नंदकिशोर साहू, रत्नेश कुलदीप, अवधेश मिश्रा, चन्द्रभान वैष्णव के अलावा जैन श्रीसंघ रायपुर, खैरागढ़, छुईखदान, गंडई, उदयपुर, पंडरिया, बुंदेली के सदस्य मौजूद थे। संचालन पायल नाहटा ने किया।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने दी श्रद्धांजलि

**छुईखदान।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई छुईखदान ने पहलगांव में हुए आतंकवादी हमले में शहीद पर्यटकों को जय स्तंभ चौक में श्रद्धांजलि अर्पित की और आतंकवाद मुर्दाबाद पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। कार्यक्रम में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री ओम महोबिया,नगर सहमंत्री खेमराज पाल, लक्की चंद्राकर, शुभम साहू, कार्यकारिणी सदस्य प्रवीण नेताम, द्वारका देवांगन, सुमित जैन, अर्णव सिंह, रूद्र प्रताप, प्रीतम, डीकेश चंद्राकर उपस्थित थे।



## उल्लास से मनाया पंचायतीराज दिवस



**गंडई पंडरिया।** ग्राम पंचायत धोधा में राष्ट्रीय पंचायत दिवस मनाया गया। पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। इस दौरान ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का उद्बोधन सुना। उन्होंने जल संवर्धन, जल बचाव और वन नेशन वन इलेक्शन जैसे विषयों पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार थीं। उन्होंने संकल्प पत्र का वाचन करते हुए गांव के विकास के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया गया। इस अवसर पर जनपद सीईओ रवि कुमार, विस्तार अधिकारी रविकुमार, विभाग खंड संचालक नरेश कोसरे, सरपंच दूजेराम वर्मा, उपसरपंच राजेश वर्मा, पंच तिलक वर्मा, बगास वर्मा, मोंगरा साहू, संतोषी ठाकुर, गिरजा वर्मा, सावित्री, योगेंद्र कौशिक, पंचूराम, सचिव मनहरण सेन, रोजगार सहायक द्वारिका ठाकुर, ऋतु चंदेल, वर्षा वर्मा, भूरीबाई, ममता, पूर्णिमा, जीवन, लखन, यशवंत, दुधे सहित अन्य उपस्थित थे।

### संगोष्ठी में वक्ताओं ने रखे विचार

# एक राष्ट्र-एक चुनाव से लोकतंत्र होगा सशक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया




विधानसभा स्तरीय एक राष्ट्र एक चुनाव के विषय को लेकर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश एच लाल शामिल हुए। इस अवसर पर श्री लाल ने एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव की सोच चुनाव प्रणाली को बेहतर बनाने का प्रयास ही नहीं है, बल्कि यह विकसित भारत की दिशा में बड़ा कदम है। एक ही समय पर सभी चुनाव होने से करीब 4.5 लाख करोड़ की बचत होगी। एक राष्ट्र- एक चुनाव से होने वाली बचत से विकास का नया अध्याय लिखा जा सकता है। जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने कहा कि एक राष्ट्र- एक चुनाव से बचत होने के साथ देश का विकास होगा। यह विचार राजनीतिक प्रणाली को सरल बनाने वाला है।

**लोकतंत्र पर बढ़ेगा भरोसा**

इस मौके पर भाजपा नेता चंद्रिका प्रसाद डड़सेना ने कहा कि चुनाव प्रणाली में सुधार से लोकतंत्र पर लोगों का भरोसा बढेगा। इस दौरान आत्माराम चन्द्रवंशी, पूर्व जिपं अध्यक्ष गीता साहू, जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, शेरसिंह पडौती ने अपने विचार रखे। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल, जिपं सदस्य गोपाल भुआर्य, अनिता मंडावी, जनपद उपाध्यक्ष प्रशांत ठाकुर, धन्ना यादव, नैनसिंह पटेल, कलीराम चंद्रवंशी, हिरेन्द्र साहु,कांता साहु, खिलेश्वर साहु, हृदय देवांगन, मायाराम साहु, चुरामन साहु, शीशुपाल साहु, राजेश्वर धुर्वे, दिनदयाल साहु, राधेश्याम शर्मा, सुंदर साहु, भेषबाई साहु, उत्तरा निषाद सहित अन्य मौजूद थे। अंत में आभार प्रदर्शन जिला भाजपा महामंत्री रविन्द्र वैष्णव ने किया। संचालन शेखर भारतद्वाज ने किया।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### श्रद्धा से ही भगवान की प्राप्ति संभव

**घुमका।** ठेलकाडीह के शीतला मंदिर प्रांगण में 18 अप्रैल से भागवत कथा यज्ञ का आयोजन जारी है। कथा वाचक पं. गणपत दुबे और यजमान रेणुका, सीतादेवी दुबे हैं। आयोजन के सातवें दिन कथा वाचक श्री दुबे ने भागवत कथा महत्व बताते हुए कहा कि भगवान को जानने के लिए श्रद्धा, विश्वास और जिज्ञासा होना आवश्यक है। अहंकार को त्याग कर कथा सुनने से भगवान की प्राप्ति हो सकती है। उन्होंने भगवान कृष्ण के 16108 विवाह, राजसूय यज्ञ एवं सुदामा चरित्र के बारे में विस्तार से बताया। आयोजन का समापन आगामी 26 अप्रैल को होगा। शुक्रवार को यदु कुल को श्राप, राजा यदु, दत्तात्रेय संवाद एवं परीक्षित मोक्ष की कथा का वाचन होगा। शनिवार को गीता एवं तुलसी वर्षा, हवन यज्ञ की पूर्णाहुति एवं महाप्रसादी के साथ कथा का समापन होगा।



### मां-पिता की स्मृति में प्याऊ

**छुईखदान।** गर्मी के मौसम में प्याऊ घर खोलना बहुत पुण्य का कार्य है। जिससे लोगों को पानी पीने का स्वच्छ स्थान मिलता है। यह न केवल प्यासे लोगों की प्यास बुझाता है बल्कि लोगों के लिए लाभदायक होता है। गर्मी के दिनों में लोगों को पानी की अधिक आवश्यकता होती है, और प्याऊ घर उन्हें पानी प्रदान करने का एक अच्छा साधन है। प्याऊ घर खोलना सामाजिक सेवा है, जिससे लोगों को मदद मिलती है और समुदाय में एकता और सहयोग की भावना बढ़ती है। कई धर्मों में पानी प्रदान करने को पुण्य कार्य बताया गया है और प्याऊ घर खोलना इस कार्य को करने का एक अच्छा तरीका है। प्याऊ घर खोलने से समुदाय में एक सुरक्षित और स्वच्छ स्थान मिलता है जहां लोग पानी पीकर अपनी प्यास बुझा सकते हैं इसलिए प्याऊ घर खोलना पुण्य का कार्य है। इसी सोच के साथ नगर के सेवा भावी संदीप महोबिया अपने स्व माता-पिता की स्मृति में दो जगह शीतल जल प्याऊ घर खोला है। यहां जरूरत मंद लोगों की प्यास बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। इस कार्य की नगर के लोग प्रशंसा कर रहे हैं।




### कक्षा में प्रथम रहे रौशन और छबि

**जेवरतला रोड।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में प्राचार्य आरके देवांगन की अध्यक्षता में स्थानीय परीक्षा के परिणाम घोषित किए गए। इस मौके पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिंदगी में उतार चढ़ाव आते रहते हैं और जीवन में परीक्षा परिणाम ही अंतिम नहीं होता। इसे प्रयास से और अच्छा बनाया जा सकता है। परिणाम की घोषणा करते हुए उन्होंने बताया कि कक्षा 11वीं में रोशन कुमार ने वाणिज्य संकाय में प्रथम, मयंक देवांगन विज्ञान संकाय ने द्वितीय तथा त्रिलोचन विज्ञान संकाय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा 9वीं में छवि ने प्रथम, चहक ने द्वितीय तथा प्रियल एवं भावना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 9वीं में 78 तथा कक्षा 11वीं में 95.6 प्रतिशत विद्यार्थी सफल रहे। इस अवसर पर व्याख्याता आरडी देवांगन, चंद्रमणि वासनिक, टीएल देवांगन, पवन सिन्हा, हेपशिबा एंथोनी, हर्षा देवांगन, रीना बोरकर, भागवत साहू, वेद प्रकाश साहू, महेश कुमार रावटे, चंद्र प्रकाश सोनबोइर, अनुराधा खरे, सुरेन्द्र कुमार नेताम उपस्थित थे। संचालन अजय पाठक ने किया।



### जयंती पर दुर्ग शहर में निकली मशाल रैली

**राजनांदगांव।** समता सैनिक दल दुर्ग शहर ईकाई के तत्वावधान में डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर जयंती समारोह की 134वीं वर्षगांठ पर 14 अप्रैल को दोपहर को राजीव नगर वार्ड क्र. 2 में कार्यक्रम आयोजित किया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट एडव्होकेट लवकुमार रामटेके की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ कर डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दुर्ग शहर भ्रमण करने नीली झंडी दिखाकर मशाल रैली प्रारंभ किया गया। दुर्ग शहर प्रमुख की अगवाई में मशाल रैली के साथ राजीव नगर वार्ड क्र. 02 से प्रारंभ होकर दुर्ग शहर के प्रत्येक चौराहे पर सतोष नदां व समता सैनिक दल के सैनिक का स्वागत करते समाज प्रमुख ने सराहना करते बधाईयां दी। उक्त मशाल रैली दुर्ग कलेक्टर परिसर स्थित पहुंचपर डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर को सलामी देते सभा के रूप परिवर्तित होकर कार्यक्रम स्थल प्रस्थान की। जिसमें समता सैनिक दल के सैनिक सहित डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर के अनुयायी बड़ी की सख्या उपस्थित थे।




कलेक्टर ने ली कृषि विभाग एवं उनके संवर्गी विभागों की समीक्षा बैठक

# धान के बदले वैकल्पिक फसल लगाने किसानों को करें प्रेरित

## खरीफ फसल की तैयारी के लिए बनाएं कार्य योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कृषि विभाग और संबंधित विभाग, उद्यानिकी विभाग, पशुपालन विकास विभाग और मत्स्य पालन विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर ने कृषि विभाग की समीक्षा करते आगामी खरीफ फसल की तैयारी के लिए कार्य योजना बनाने निर्देशित की।

जिले के ऐसे किसान जो धान के बदले अन्य फसल मक्का, उड़द, मूंगफली, अरहर, कोदो, कुटकी, रागी, जैसे फसलों की बुआई करना चाहते हैं, ऐसे किसानों को लक्ष्य अनुरूप बीज उपलब्ध कराने कहा है। इस दौरान कलस्टरवार निर्धारित किसानों की जानकारी ली। साथ ही अधिकारियों को लक्ष्य तय कर किसानों की आय में वृद्धि करने और किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अधिक मुनाफा देने वाले और कम समय में तैयार होने वाले फसल उत्पादन के लिए जिले के किसानों को प्रेरित करने कहा गया है।

इसके साथ ही मिलेट फसलों के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार करने कहा गया है। कृषि मेला में एसएचजी समूह की महिलाओं को बुलाकर धान के बदले अन्य फसल के लिए जागरूक करने कहा गया है। कलेक्टर ने बीज निगम एवं जिले में बीज संरक्षण करने वाले किसानों की जानकारी ली।




### कलस्टर बनाने के निर्देश

कलेक्टर ने पशु विकास विभाग की समीक्षा करते पशु सखी योजनाओं के तहत तीनों विकासखंडों में क्लस्टर बनाने के निर्देश दिए। इच्छुक पशु सखी की सूची तैयार कर आगे की कार्रवाई करने को कहा गया है। भारत पशुधन ऐप में डेटा एंट्री की स्थिति की जानकारी ली। इसके साथ ही मोबाइल वेटरनरी यूनिट के कॉल सेंटर को सशक्त करने, मिल्क क्लस्टर बनाने, कृत्रिम गर्भाधान, टीकाकरण और विभागीय योजनाओं के तहत निरस्त ऋण प्रकरणों के परीक्षण सहित दुधारू पशुओं की अद्यतन जानकारी की समीक्षा की। कलेक्टर ने मछली पालन विभाग की समीक्षा करते मछली पालन के लिए तालाब निर्माण के स्वीकृत कार्यों के लिए जिले में उपयुक्त भूमि चयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने मछली पालन के लिए आच्छादित गांवों की जानकारी ली और विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया।

### योजनाओं को लागू करने दिए निर्देश

कलेक्टर ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने निर्देश किया कि सभी योजनाओं का सही तरीके से क्रियान्वयन हो और इसका लाभ जिले के किसानों और स्थानीय लोगों तक पहुंचे। उन्होंने समयबद्ध तरीके से योजनाओं को लागू करने और उनके लक्ष्यों को प्राप्त करने विभागों को स्पष्ट दिशा निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर विजेन्द्र सिंह पाटले, जिला पंचायत सीईओ भारती चन्द्राकर सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### केसीसी लोन की समीक्षा

कलेक्टर ने बैठक में किसानों को मिलने वाले किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) लोन की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से जिले में सक्रिय और असक्रिय केसीसी की स्थिति की जानकारी ली तथा असक्रिय केसीसी को पुनःसक्रिय करने ठोस कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। साथ ही ऐसे किसान जो अभी तक केसीसी का लाभ नहीं ले सके हैं, उन्हें जागरूक करने निर्देशित किया गया है। कलेक्टर ने ऋण प्रकरणों की भी समीक्षा की। विभागों में संचालित योजना अंतर्गत ऋण प्रकरणों की निरस्त होने के कारणों की समीक्षा की गई। साथ ही संबंधित विभाग से समन्वय कर निरस्त ऋण प्रकरणों का गहराई से परीक्षण कर पुनः बैंकों को भेजे जाने के निर्देश दिए। आगामी खरीफ सीजन को देखते कलेक्टर ने जिले में खाद-बीज के भंडारण, उठाव एवं वितरण की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को पर्याप्त खाद समय पर उपलब्ध हो, इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही वितरण में किसी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल उच्च अधिकारियों को अवगत कराने के निर्देश भी दिए गए।

# बिजली कटौती से जनजीवन प्रभावित




हरिभूमि न्यूज ⏭ चिचोला

बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों ने गुरूवार को चक्काजाम किया। रामाटोला फीडर अंतर्गत आने वाले गांवों में अघोषित बिजली कटौती लगातार हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली बंद होने की सूचना दूरसंचार के माध्यम से दिया जाता है लेकिन बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा अलग-अलग समस्या बताकर लोगों को गुमराह किया जा रहा है। बिजली कटौती के चलते आमजन को पानी नहीं मिल रहा है। वहीं 42 डिग्री तापमान से लोगों का हाल बेहाल है। बिजली से जुड़े सभी कारोबार चौपट हो गए है।

ब्लॉक कांग्रेस युवाध्यक्ष त्रिलोक यादव की अगुवाई में मक्काटोला, गोविंदपुर, हीरापुर, बरमपुर, ख़ुबाटोला डिंगोकाल के युवाओं और किसान बड़ी संख्या में आंदोलन में शामिल हुए। उन्होंने जेई को ज्ञापन सौंपकर समस्या के निराकरण की मांग किया। इस दौरान किसान भागवत यादव ने बताया कि क्षेत्र के 18 गांव के किसान कलेक्टर मीटिंग में गए थे। कलेक्टर ने एक महीना में बिजली व्यवस्था ठीक करने की बात कहा था किन्तु वर्तमान में पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है।

### आज मनाई जाएगी जयंती

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ श्री वैष्णव महासभा राजनांदगांव द्वारा नवनिर्मित जिला वैष्णव भवन के प्रांगण बल्देव बाग रोड कल 25 अप्रैल को महंत राजा दिग्विजय दास की जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर पर उनके पूर्वज राजवंशों की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम भी रखा गया है। जिसमें सभी समाज प्रमुखों को आमंत्रित किया गया है।

# भीषण गर्मी, दिन में ट्रैफिक सिग्नल बंद रखने की पहल

■ महापौर मधुसूदन ने बढ़ती गर्मी में जनता को राहत दिलाने दिखाई संवेदनशीलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महापौर मधुसूदन यादव ने भीषण गर्मी से जनता को राहत दिलाने संवेदनशीलता एवं तत्परता प्रदर्शित करते एक अनूठी पहल की है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सचिव स्कूल शिक्षा विभाग एवं कलेक्टर राजनांदगाव को पत्र भेजकर बढ़ती गर्मी में स्कूल बंद रखने पत्राचार किया एवं दूरभाष पर उनके कार्यालय में तत्संबंध में चर्चा भी की है।

पत्र में महापौर मधुसूदन यादव ने लिखा है कि विगत 01 सप्ताह से राजनांदगांव जिला प्रदेश में सबसे अधिक गर्म शहर रहा है और शहर का तापमान 44 डिग्री सेल्सियस से पार हो चुका है। ऐसे विषम परिस्थिति में भी शहर की कई



शालाओं में अध्यापन कराया जा रहा है। जिससे बच्चों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ रहा है। महापौर ने अपने पत्र में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सचिव स्कूल शिक्षा विभाग एवं कलेक्टर राजनांदगांव से आग्रह किया है कि बढ़ी हुई प्रचंड गर्मी को देखते बच्चों के स्वास्थ्य के दृष्टिगत समस्त शासकीय एवं अशासकीय शालाओं को बंद रखने का आदेश जारी किया जाए।

महापौर ने पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव से चर्चा कर दिन में शहर के ट्रैफिक सिग्नल को सुबह 11 से शाम 4 बजे तक बंद रखने का आग्रह किया है, ताकि शहर की जनता को प्रचंड गर्मी में ट्रैफिक सिग्नल में खड़े रहकर अनावश्यक परेशान न होना पड़े। पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव ने महापौर के प्रस्ताव पर सहमति जताते तत्संबंध में कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

### 25 अप्रैल से 15 जून तक अवकाश

मधुसूदन ने दूरभाष पर मुख्यमंत्री के कार्यालय को अवगत कराते सुबह 10 बजे चर्चा कर तत्काल आदेश जारी करने हेतु अनुरोध किया था। जिसके बाद मुख्यमंत्री के आदेश पर अवर सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवन, अटल नगर, नवा रायपुर से आदेश 22 अप्रैल जारी किया गया है। उक्त आदेश में उल्लेख है कि वर्तमान में प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी व लू के कारण राज्य के छात्रों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव की आशंका को दृष्टिगत रखते राज्य शासन एतद द्वारा शासकीय, अनुदान प्राप्त, गैर अनुदान प्राप्त, अशासकीय शालाओं हेतु घोषित ग्रीष्मकालीन अवकाश में आंशिक संशोधन करते 25 अप्रैल से 15 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित करता है।

# मुस्लिम समाज ने की आतंकवादी हमले की निंदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादियों ने निर्दोष सैलानियों की हत्या कर दी थी। इस हत्या के विरोध में मुस्लिम समाज सामने आया है और आतंकवादियों द्वारा किए गए इस कायाराना हरकत की कड़ी निंदा की है। मुस्लिम समाज ने निर्दोषों की हत्या का पुरजोर विरोध किया है और राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन के माध्यम से आतंकवादियों के खिलाफ कड़ा एक्शन लेकर आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब देने की गुजारिश की है।

जामा मस्जिद मुस्लिम समाज के अध्यक्ष हाजी रईस अहमद शकील ने कहा कि बेकसूर पर्यटकों को मारा गया है। इस्लाम धर्म बेगुनाहों को मारने का कभी समर्थन नहीं करता है। मुस्लिम समाज हमले की घोर निंदा करता है।



### धर्म का रंग देकर हत्या

खिदमत फाउंडेशन के अध्यक्ष आदिल रिजवी ने कहा कि धर्म का रंग देकर आतंकवादियों द्वारा हमला किया गया है । हमारा फर्ज बनता है कि हम इसका विरोध करें। उन्होंने कहा कि कुरान शरीफ में साफ लिखा है कि किसी एक इंसान का कत्ल पूरी इंसानियत का कत्ल है और एक बेगुनाह को बचाना पूरी इंसानियत को बचाने के बराबर है।

### आतंकवाद का खात्मा जरूरी

मुस्लिम समाज ने ज्ञापन में कहा है कि आतंकवादियों का उद्देश्य भारत के सामाजिक समरस्ता को नुकसान पहुंचाने का था, लेकिन उनके इन नापाक इरादों को भारतीय जनमानस कभी पूरा नहीं होने देगा। इसी विश्वास के साथ मुस्लिम समाज शासन से अपेक्षा करता है कि इस घटना की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और दोषियों को कठोर सजा दिलाई जाए। भविष्य में दोबारा ऐसी घटना की पुर्नवृत्ति न हो इसके लिए उचित कदम उठाया जाए तथा आतंकवाद के जड़ से खात्मे के लिए केन्द्र सरकार ठोस कार्रवाई को अंजाम दे।

### आतंक को मुंहतोड़ जवाब देने की गुजारिश

राजनांदगांव मुस्लिम समाज ने अपने ज्ञापन के माध्यम से पर्यटकों की सुरक्षा की मांग करते हुए इस घटना का व्यापक मुहतोड़ जवाब देने की गुजारिश केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार से की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान जामा मस्जिद मुस्लिम समाज के सदर हाजी रईस अहमद शकील, सेक्रेटरी रिटायर एडिशनल एसपी अब्दुल रशीद, जॉइंट सेक्रेटरी मोहम्मद इब्राहिम मुन्ना, मुतवल्ली सैयद असगर अली, एडवोकेट मोहम्मद हसन, एडवोकेट मोहम्मद अनीस,खिदमत फाउंडेशन के सदर मोहम्मद आदिल रिजवी, मोहम्मद दिलदार खान, मोहम्मद मन्नान खान, सैयद जाकिर हुसैन, हाजी हमीद अंसारी, अल्ताफ रिजवी, अहमद रजा, अब्दुल इसराईल आदि उपस्थित थे।

### काली पट्टी लगाकर जताया विरोध

**राजनांदगांव।** पहलगाम में हुए कायरतापूर्ण और निंदनीय आतंकी हमले के विरोध में सामाजिक संस्था उदयाचल में काली पट्टी लगाकर विरोध जाहिर किया। आज जो मरीज जांच कराने आए थे उन्होंने भी स्वयं काली पट्टी लगाकर इसका विरोध किया।



प्रातः सभा में पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना, अशोक मोदी एवं साइट सेवर की मीनाक्षी झा उपस्थित थी और उदयाचल परिवार के साथ मृत आत्मा को एक मिनट की मौन श्रद्धांजलि दी गई। उदयाचल में आज का दिन शांतिपूर्ण लेकिन गहरे शोक और एकजुटता से भरा रहा। काली पट्टी हर व्यक्ति के हाथ पर उस दुखद घटना के आक्रोश की याद दिलाती रही। उपरोक्त जानकारी जनसंपर्क प्रभारी गौतम बाफना ने दी।

### समिति ने सौंपा ज्ञापन

**राजनांदगांव।** श्री योग वेदांत सेवा समिति राजनांदगांव द्वारा मोटेरा अहमदाबाद स्थित आशारामजी आश्रम को हटाकर ओलंपिक खेल मैदान व कॉम्प्लेक्स बनाने के आदेश के खिलाफ राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गुजरात के राज्यपाल एवं गुजरात के मुख्यमंत्री के नाम से सांसद, विधायक एवं कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया। यह केवल आश्रम को बचाने की बात नहीं, हमारे सनातन मूल्यों, संस्कृति और राष्ट्र की आत्मा को बचाने की पुकार है, जहां समाजोत्थान के अनेक सेवा कार्य संचालित हो रहे हैं। इस ज्ञापन सेवा में डोंगरगढ़ एवं डोंगरगांव समिति द्वारा अनुविभागीय अधिकारी को, मोहला व गंडई-खैरागढ़-छुईखदान समिति द्वारा जिला कलेक्टर को तथा छुरिया समिति द्वारा तहसीलदार को एक साथ ज्ञापन सौंपा गया । उक्त जानकारी श्री योग वेदांत सेवा समिति के संजय साहू ने दी।

# पालिका में नौकरी लगाने के नाम पर वसूली, ग्रामीणों ने किया घेराव

## नारेबाजी कर की गई शिकायत, मौके पर पुलिस बल पहुंची

हरिभूमि न्यूज ⏭ लालबहादुर नगर

डोंगरगढ़ विकासखंड के सबसे बड़े ग्राम जो अब नगर पंचायत का दर्जा प्राप्त है। नगर पंचायत लालबहादुर नगर में आज ग्रामीणों ने नगर पंचायत अधिकारी वीसी दुबे का घेराव किया। नारेबाजी के बाद शिकायत की गई तो तहसीलदार सोनित मोर्या को नागरिकों ने बताया कि नगर के लगभग दो दर्जन लोगों से पालिका अधिकारी ने अस्थाई नौकरी के नाम पर प्रत्येक से 25-25 हजार रुपए की रकम रिश्वत के तौर पर ली है।

नगर पंचायत में सफाई कर्मचारी, पानी सप्लाई, प्लंबर ऑफिस बॉय, ड्राइवर सहित विभिन्न पदों के लिए यह राशि ली गई है। मामले की गंभीरता को देखकर अनुविभागीय अधिकारी मुकेश मरकाम ने लालबहादुर नगर के तहसीलदार सोनित मोर्या व नायब तहसीलदार को रिश्वत देने वालों के बयान दर्ज करने के लिए भेजा। लोगों की नारेबाजी को देखकर पुलिस को भी शिकायत की गई। चिचोला चौकी से पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल




भी वहां पहुंच गया। आज गुरुवार यानी लालबहादुर नगर के बाजार का दिन था, इसलिए काफी भीड़ भी जुटी।

टिकेश्वर सिन्हा, मुकेश पांडे, लोकेश कुमार बोरकर, नीतू यादव, निखिलेश यादव, लीलेश्वर साहू, जितन साहू, पोखन साहू, मोहन साहू, भागचंद पटेल, संतोष यादव, गिरवर साहू , महेश रजक, टुमेश्वर साहू सहित अन्य लोगों ने तहसीलदार को दिए गए बयान में बताया कि अस्थाई नौकरी लगाने के नाम पर सीएमओ ने उनसे 25000 प्रत्येक से लिए। मामला तब खुला, जब नौकरी कर रहे युवाओं को उनके काम के अलावा कई अतिरिक्त प्रभार भी दे दिए गए। कई लोगों को तो दो से चार महीने तक काम करने के बाद बाहर का रास्ता भी दिखा दिया गया। लोग आज सुबह पालिका अधिकारी के पहुंचने के पहले ही नगर पंचायत के दफ्तर के आगे धरने पर बैठ गए। नारेबाजी के पश्चात मामले को बढ़ता देख पुलिस बुलानी पड़ी। तहसीलदार के समक्ष भाजपा नेताओं ने पीड़ितों की बारी-बारी से बयान दर्ज कराया। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि अंत में सीएमओ वीसी दुबे ने स्वीकार किया कि उन्होंने नौकरी लगाने के एवज में प्लेसमेंट ठेकेदार दीपक साहू के कहने पर युवाओं से पैसे लिए हैं। मामला दर्ज कर लिया गया है। अब तहसीलदार सोनित मोर्या ने आगे की कार्रवाई के लिए प्रकरण को अनुविभागीय अधिकारी के समक्ष भेज दिया

# आतंकवाद के खिलाफ मोहला में प्रदर्शन, मृतकों को दी गई श्रद्धांजलि

**मोहला।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर मोहला में भी कड़ा विरोध किया गया। इस हमले की निंदा करते हुए मृतकों के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया ।

पहलगाम की घटना में मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए आज जिला मुख्यालय मोहला के जयस्तंभ चौक पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान आतंकवाद का पुतला दहन कर आतंक के खिलाफ आक्रोश प्रकट किया गया। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने मौन रखकर और मोमबत्तियां जलाकर निर्दोष नागरिकों को नमन किया।

पुतला दहन और श्रद्धांजलि सभा में भाजपा के जिला कोषाध्यक्ष अनिल गुप्ता, राजीव तिवारी, मंडल अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव, जिला युवा मोर्चा उपाध्यक्ष नंदकुमार अमरिया, जनक तिवारी, योगेन्द्र सिगने, मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष मोनू वर्मा, नूतन साहू, गोपाल कौशिक, सुनील पिल्ले, जितेन्द्र त्रिपाठी, अनुराग कन्नौजे, अभिमन्यु भट्ट, अमित मेश्राम, राजेंद्र सहित जिले और मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### कठोर कार्रवाई की मांग

श्रद्धांजलि कार्यक्रम का नेतृत्व जिपं अध्यक्ष नम्रता सिंह ने किया। उन्होंने इस मौके पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि यह हमला देश की आत्मा पर हमला है, जो निर्दोष पर्यटक परिवारों के साथ शांति की तलाश में पहलगाम पहुंचे थे, वे अब कभी घर नहीं लौट पाएंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से आग्रह किया है कि इस हमले के दोषियों पर शीघ्र और कठोरतम कार्रवाई की जाए। श्रद्धांजलि सभा के दौरान कहा गया कि इस तरह की घटनाएं, तभी रूकेगी जब हम एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ खड़े होंगे और इसे जड़ से समाप्त करने का संकल्प लेंगे।

# पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले को लेकर दिखा आक्रोश, संगठनों ने पुतला दहन कर जताया विरोध

## अधिवक्ताओं ने जलाया आतंकवाद का पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का चौतरफा विरोध देखा जा रहा है। सभी संगठन अपने-अपने स्तर पर आतंकवाद का कड़ा विरोध करते घटना की निंदा कर रहे हैं। वहीं आतंकवाद का पुतला जलाकर आतंकवाद के खात्मे के लिए केंद्र सरकार से मांग कर रहे हैं।

जिला अधिवक्ता संघ द्वारा आज आतंकवाद का पुतला बनाकर रैली निकाली गई और कलेक्टोरेट परिसर के सामने आतंकवाद का पुतला दहन किया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने पाकिस्तान मुर्दाबाद और आतंकवादी विरोधी नारे लगाए। वहीं उन्होंने धर्म पूछकर मारने वाले आतंकवादी हमले की मानसिकताओं को देखते हुए भारत की विशेषता अनेकता में एकता के नारे लगाकर सामाजिक समरसता का संदेश देते आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब दिया।



अधिवक्ता संघ द्वारा आयोजित पुतला दहन को लेकर जिला अधिकता संघ के अध्यक्ष मनोज चौधरी ने कहा कि आतंकवादियों ने कायराना हमला किया है। जिसकी अधिवक्ता संघ निंदा करता है। वहीं उन्होंने कहा कि हम भारत सरकार से मांग करते हैं कि आतंकवाद के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक करें। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों का कोई धर्म नहीं होता है, आपसी भाईचारा बिगाड़ने आतंकवादी ऐसी हरकत कर रहे हैं। हमारे देश में इनकी नीति कामयाब नहीं होगी। जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि आतंकवादियों ने सामान्य नागरिकों पर हमला कर सामाजिक समरसता बिगाड़ने का प्रयास किया है। हमारे देश में हिंदु, मुस्लिम को लड़ाने का कुंठित प्रयास किया गया है। हम सभी को आपसी समरसता बनाकर पाकिस्तान को जवाब देना होगा। वहीं वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णु साव ने कहा कि देश में हर जगह आतंकवादियों का घुसपैठ है। आतंकवाद को मिटाने हम सबको एक होना होगा।

## शिवसैनिकों ने फूंका आतंकवाद का पुतला

राजनांदगांव। कश्मीर में हुए हिन्दुओं की निर्मम हत्या से आक्रोशित शिवसैनिको ने आतंकवाद के पुतले को फांसी पर लटकाकर नारेबाजी करते रैली निकालकर शहर के गुरुनानक चौक में आतंकवाद का पुतला फूंका। शिवसेना छत्तीसगढ़ (शिंदे) के जिलाध्यक्ष आकाश सोनी ने बताया कि कश्मीर में हिन्दुओं को धर्म पूछकर हत्या गई। जिसकी शिवसेना कठोर शब्दों में निंदा करती है। हिंदुस्तान में आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करती है।



उन्होने बताया कि शिवसेना छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के आदेशानुसार पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में आतंकवादियों का पुतला शिवसैनिकों द्वारा फूंका जा रहा है। इसी कार्यक्रम के तहत आज आतंकवाद के पुतले को फांसी पर लटकाकर नारेबाजी करते हुए गुरुनानक चौक में पुतला फूंका गया। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से किसान सेना प्रदेश अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव, शिवसेना प्रदेश सचिव कमल सोनी, जिला महासचिव माखन यादव, विक्की सेन, मनीष तिवारी, मुकेश साहू, तरुण प्रजापति, बादल यादव, यशवंत साहू, अशोक सिन्हा, संजय निषाद, बॉबी, छम्मन साहू, मोनू भारद्वाज सहित शिवसैनिक शामिल रहे।

## विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने जलाया आतंकवाद का पुतला



राजनांदगांव। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा हमले की कड़ी निंदा करते हुए शहर के महाकाल चौक में आतंकवाद का पुतला जलाया गया। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने शहर के दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर चौक से आतंकवाद का पुतला बनाकर रैली निकाली और पाकिस्तान एवं आतंकवाद विरोधी नारे लगाते हुए महाकाल चौक पहुंचकर आतंकवाद का पुतला जलाकर कड़ा विरोध प्रदर्शन किया। विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी नंदूराम साहू ने कहा कि पहलगाम में धर्म पूछकर हिंदुओं को मारा गया है। यह आतंकवादियों की कायरतापूर्ण घटना है। उन्होंने केंद्र के मोदी सरकार से मांग करते हुए कहा कि अब बहुत हो गया है, पाकिस्तान से बदला लेने का समय आ गया है । विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा आयोजित पुतला दहन के दौरान नंदूराम साहू, कमलेश सूर्यवंशी, लालमुनई सिंह, अमर लालवानी, योगेश बागड़ी, संतोष , आदर्श ठाकुर सहित बड़ी संख्या में सनातनी उपस्थित थे।

## छुरिया में आज मनेगी सेन जयंती

राजनांदगांव। नाई समाज के गुरुदेव संत शिरोमणि "श्री नंदा सेन महाराज " की 725वीं जयंती जिला सेन समाज राजनांदगांव द्वारा कल 25 अप्रैल को सुबह 10 बजे से जिले के नगर पंचायत छुरिया में जिला स्तरीय रूप में आयोजित है। सुबह 10 बजे भव्य कलश शोभायात्रा निकलेगी। जिसमें सुंदर आकर्षक रथ में श्री हनुमान जी महाराज और सेन जी महाराज की फोटो प्रतिमा सहित विराजमान होंगे, जो नगर के प्रमुख मार्गों से भ्रमण कर आयोजन सभा स्थल पर पहुंचेगा।

पृष्ठ 09 का शेष

### उधार के पैसे मांगने...

को ग्राम कन्हारगांव निवासी देवलाल मंडावी को जान से मारना है, उसके मामा को बहुत परेशान कर रहा है, करके बताया था, जिस पर योगेश चौरे भी मारने तैयार हो गया। घटना के एक सप्ताह पूर्व गांव में मीटिंग हुआ था। जिसमें देवलाल मंडावी द्वारा आरोपी ओमकार मंडावी को फर्जी केस में फंसा देने की धमकी दिया था, जिस पर आरोपी ओमकार मंडावी एवं महेन्द्र नेताम दोनों मामा-भांजा देवलाल मंडावी को जान से मारने योजना बनाए।

## आयुष्मान कार्ड शिविर का मोहारा में आयोजन, 123 का बनाया गया कार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम के वार्ड क्र. 47 मोहारा में शिक्षा विभाग के चेयरमैन व वार्ड पार्षद आलोक श्रोती की पहल पर आयुष्मान कार्ड बनवाने आज शिविर लगाया गया। शिविर में सुबह से शाम तक बड़ी संख्या में लोगों ने आयुष्मान कार्ड बनवाने दस्तक दी है। शिविर सुबह 10 से शाम 6 बजे तक आयोजित रहा। जिसमें वार्ड के नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और शिविर में लगभग 123 नागरिकों ने अपना आयुष्मान कार्ड बनवाया है। वार्ड में आयोजित शिविर में स्वास्थ्य विभाग से कौशल शर्मा, वासुदेव साहू, दिलीप साहू और मीना दुबे ने अपनी सेवाएं दी।



पार्षद श्री श्रोती ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना द्वारा शुरू किया गया है, जो समाज के आर्थिक रूप से वंचित क्षेत्रों को हेल्थकेयर लाभ प्रदान करने की दिशा में तैयार किया गया है। आयुष्मान भारत योजना प्रतिवर्ष प्रति पंजीकृत परिवार को 5 लाख रुपए तक के कैश लेस हेल्थकेयर लाभ प्रदान करती है। देशभर में पैनल में शामिल हॉस्पिटल्स और हेल्थकेयर प्रोवाइडर पर लाभ प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने अपने वार्ड के लोगों को आयुष्मान कार्ड बनाने लगातार अपील की। जिसकी वजह से आज शिविर में वार्ड के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपना आयुष्मान कार्ड बनवाया। शिविर में भाजपा कार्यकर्ता की दिनभर सक्रिय भागीदारी रही। उपरोक्त जानकारी पार्षद कार्यालय प्रभारी आरती देवांगन ने दी है।









**सौगात:** कवर्धा के 6 गांवों में सीसी रोड से लेकर सामुदायिक भवन तक के निर्माण का भूमिपूजन

# डिप्टी सीएम की पहल से 35.20 लाख रुपए विकास कार्यों की मिली सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व एवं अनुशंसा पर कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की दिशा में उल्लेखनीय कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में विभिन्न ग्रामों में कुल 35 लाख 20 हजार रुपए की लागत से 6 निर्माण कार्यों का विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की उपस्थिति से आयोजन में उत्साह और जनसमर्थन की झलक देखने को मिली। श्री शर्मा के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत महराटोला, सुहागपुर, सिंघनपुरी, दूंधकौरा, मोटियारी एवं मंजगांव में महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों की भूमिपूजन की गई है। इस विकासात्मक पहल से ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा गया।

नागरिकों ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रति आभार जताते हुए कहा कि उनके प्रयासों से अब क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का सशक्त ढांचा तैयार हो रहा है, जिससे गांवों का समग्र विकास संभव होगा। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के अनुशंसा पर ग्राम पंचायत महराटोला में 5 लाख 20 हजार रुपए की लागत से सीसी रोड का निर्माण, ग्राम सुहागपुर में 4 लाख रुपए की लागत से किचन शेड का निर्माण, ग्राम सिंघनपुरी में 6 लाख 50 हजार रुपए की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण व दूंधकौरा यादव समाज के लिए 6 लाख 50 हजार रुपए की लागत से सामुदायिक भवन तथा ग्राम मोटियारी में 6 लाख 50 हजार रुपए की लागत से सामुदायिक भवन वहीं ग्राम पंचायत मंजगांव में 6 लाख 50 हजार रुपए की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया गया। इन सभी कार्यों का भूमिपूजन पारंपरिक विधि-विधान एवं ग्रामीण जनसमुदाय की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुमित्रा विजय पटेल, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुषमा गनपत बघेल, सभापति श्रीमती स्वीटी पवन बंजारे, श्रीमती इंदू पटेल, वीरसिंह पटेल, आनंद मिश्रा, नरेन्द्र मानिकपुरी, पंचराम कोसले, चंदन पटेल, नागेश्वर जायसवाल, भूनेश्वर पटेल, दुर्गेश श्रीवास, सुरेश पटेल, ग्राम सिंघनपुरी सरपंच श्रीमती मालती मनोहर धुर्वे, मनटोरा के सरपंच रतन पटेल, शिलिप यादव, देवप्रसाद पटेल सहित जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### उपमुख्यमंत्री के नेतृत्व में कवर्धा विधानसभा निरंतर विकास की दिशा में अग्रसर हो रही है



पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की साय सरकार की प्राथमिकता गांव, गरीब और किसानों का सशक्तिकरण है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में कवर्धा विधानसभा निरंतर विकास की दिशा में अग्रसर हो रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएं अब जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से उतर रही हैं। हम सभी जनप्रतिनिधि मिलकर इस कार्य में सहयोग करेंगे, ताकि सभी गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में कवर्धा विधानसभा के और भी गांवों में इसी तरह के निर्माण कार्य किए जाएंगे। पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली और सड़क जैसी आवश्यक सेवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी।

# हाई स्कूल कक्षा नवमी का परीक्षा परिणाम घोषित



■ शाला प्रबंधन समिति ने किया छात्र-छात्राओं को सम्मानित।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

बोड़ला विकासखंड अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल राम्हेपुर कला में स्थानीय परीक्षा कक्षा 9वी का परीक्षाफल घोषित किया गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शासकीय हाई स्कूल राम्हेपुर कला में अध्ययनरत छात्र छात्राओं की दर्ज संख्या 44 है जिसमें से 38 छात्राएं परीक्षा में उपस्थित एवं 06 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे वहीं 38 छात्र-छात्राओं में से 13 छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी एवं 05 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी तथा 9 छात्र छात्राएं तृतीय श्रेणी कुल 27 छात्र छात्राएं उत्तीर्ण हुए। वहीं विद्यालय की उत्तीर्ण प्रतिशत 71.05 प्रतिशत रही। जिसमें विद्यालय की छात्रा रेशमी पाटिले 93.6 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, ललता भारती 92.8 प्रतिशत से द्वितीय तथा गीता कुर्रे 86.6 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान एवं आरती पाली 86 प्रतिशत से चतुर्थ स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवांवित किया। जिस पर शाला विकास एवं प्रबंधन समिति अध्यक्ष ऋषि मिश्रा द्वारा इन बच्चो को 500-500 रूपए नगद पुरस्कार दिया गया। साथ ही सभी छात्र छात्राओं को परीक्षा परिणाम की शुभकामनाएं देते हुए परीक्षा की तनाव से दूर रहने तथा अगली कक्षा में अच्छी पढ़ाई-लिखाई कर आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया गया। इस दौरान पूर्व जनपद सदस्य हीरा कोसले, प्राचार्य एमआर कोमरे, राजकुमार साहू, नीलम वर्मा, सरिता बखला, सुनीता कौशिक, छत्रपाल कश्यप तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

## खबर संक्षेप

### सामूहिक विवाह कार्यक्रम के लिए पंजीयन शुरू

**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत पात्र कन्याओं का सामूहिक विवाह कार्यक्रम के लिए पंजीयन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार, मुख्यमंत्री खाद्यान्न सहायता योजना के तहत राशन कार्डधारी परिवारों की 18 वर्ष से अधिक उम्र की अविवाहत कन्याओं का सामूहिक विवाह कराना है।

### 48 नए प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी की गठन

**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शासन के सहकारिता विभाग द्वारा जिला कबीरधाम की प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटियों के पुनर्गठन के लिए पुनर्गठन योजना को छत्तीसगढ़ राज पत्र 3 अप्रैल के माध्यम से प्रकाशित किया गया है। इस योजना के अंतर्गत जिले में 48 नई प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटियों के गठन का प्रस्ताव शामिल है।

### गर्मी के साथ बिजली समस्या शुरू, ग्रामीण परेशान

**हरिभूमि कवर्धा।** बिजली की समस्या शुरू होने से ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ट्रांसफार्मर पर क्षमता से ज्यादा लोड़ बढ़ते ही फाल्ट अधिक हो रहे है। इसके चलते बिजली समस्या शुरू हो चुकी है साथ ही साथ तापमान बढ़ने एवं घरों के पंखे, कूलर व एसी चलने लगे है और रात के अलावा दिनों में अधिक चलाए जा रहे है। इसके चलते ही ट्रांसफार्मर पर लोड़ अधिक बढ़ रही है। जिससे बिजली की गुल होने की समस्या से ग्रामीणों को भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वही लोग उमस भरी गर्मी से परेशान तथा हलाकान नजर आ रहे है।

# जिले में 42 अटल डिजिटल सुविधा केंद्रों का शुभारंभ

### मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री ने वर्चुअल जिले के ग्रामीणों को किया संबोधित




हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस के अवसर पर जिले के सभी ग्राम पंचायतो में ग्राम सभा के दौरान वर्चुअल रूप से जुड़कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्रामीणों को पंचायती राज स्थापना दिवस की बधाई देते हुए सभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुरूवार को रायपुर से पंचायत राज दिवस के अवसर पर जिले के 42 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का वर्चुअल शुभारंभ किया। इसके बाद मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उपमुख्यमंत्री एवं मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग विजय शर्मा ने ग्राम भांदा के ग्रामवासियों से चर्चा की। जिले के बोड़ला विकासखंड अंतर्गत ग्राम भोंदा में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, कलेक्टर गोपाल वर्मा और जिला पंचायत सहित जनप्रतिनिधि ग्रामीण वचुअर्ल रूप से जुड़े रहे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ग्रामसभा को संबोधित करते हुए जल संरक्षण करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने रेनवाटर हार्वेस्टिंग पर जोर देते हुए जागरूकता लाने की बात कही। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने जिले के जनपद पंचायत बोड़ला ग्राम पंचायत भोदा की सरपंच श्रीमती कुंज बाई पटेल, महतारी वंदन योजना की हितग्राही श्रीमती कविता पटेल एवं जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू से वर्चुअल चर्चा की गई। अटल डिजिटल सुविधा केंद्र के संबंध में सरपंच ने मुख्यमंत्री को बताया कि गांव के ग्रामीण शासन की योजनाओं का लाभ ले रहे हैं, महतारी वंदन योजना पेंशन योजना की राशि का नगद भुगतान अटल डिजिटल सुविधा केंद्र से प्राप्त कर रहे हैं। महतारी वंदन योजना की लाभार्थी से मुख्यमंत्री द्वारा राशि मिलने के संबंध में पूछा गया, जिस पर लाभार्थी श्रीमती कविता पटेल ने बताया कि वह आज ही अपने ग्राम पंचायत भोंदा के अटल डिजिटल सुविधा केंद्र से आधार बेस्ड पेमेंट के माध्यम से अपने बैंक खाते से 1000 का आहरण की है। लाभार्थी द्वारा बताया गया कि इन पैसों से वह अपने घर का निर्माण कार्य एवं बच्चों के स्कूल व दैनिक जरूरतो की पूर्ति कर रही है। जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू द्वारा मुख्यमंत्री को जिले के 42 ग्राम पंचायतों में डिजिटल सेवा केंद्र प्रारंभ करने के लिए आभार व्यक्त किया तथा जल संरक्षण की दिशा में काम करने का भरोसा जताया।

### अटल डिजिटल सुविधा केंद्रों का विस्तार, अन्य ग्राम पंचायतों में यथाशीघ्र किया जाएगा: शर्मा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पंचायत दिवस के अवसर पर सभी ग्रामीणों को शुभकामनाएं देते हुए जल संरक्षण के कार्य में सबकी भागीदारी की अपील की। 24 अप्रैल से पूरे प्रदेश में मोर गांव-मोर पानी महाअभियान प्रारंभ किया जाएगा, जिसके तहत जल संरक्षण अंतर्गत तालाबों, रेनवाटर हार्वेस्टिंग सहित विभिन्न संरचनाओं के निर्माण करने तथा पानी रोकने के अभियान को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया गया। प्रत्येक ग्राम पंचायत में इस वर्ष का भू-जल स्तर एवं आगामी समय के भू-जल स्तर को दर्ज करने कहा गया। इसके साथ ही एक देश एक चुनाव पर जोर देते हुए देश की प्रगति एवं जन कल्याणकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए एक देश एक चुनाव के अभियान का प्रस्ताव रखा गया। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए आगे कहा कि अटल डिजिटल सुविधा केद्रो का विस्तार अन्य ग्राम पंचायतो में यथाशीघ्र किया जाएगा। जिससे ग्रामीण जनता को उनके अपने गांव में ही वित्तीय लेनदेन एवं अन्य शासकीय दस्तावेजों को प्राप्त करने की सुविधा मिलेगी।

### पंचायत राज दिवस पर जल संरक्षण का हम सब ने लिया संकल्प: कलेक्टर

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के 471 ग्राम पंचायत में पंचायती राज दिवस के अवसर पर ग्राम सभा का आयोजन किया गया था। इस दौरान सभी ग्राम पंचायतो में स्वच्छता स्वास्थ्य सहित जल संरक्षण के विषय में ग्रामीणों को जागरूक किया गया। आने वाले समय में भीषण गर्मी को देखते हुए शासकीय योजनाओं के माध्यम से जल संरक्षण के लिए कार्यों का चिन्हांकन एवं रेनवाटर हार्वेस्टिंग पर विस्तृत चर्चा की गई। पानी बचाने के अभियान को जन आंदोलन बनाने के लिए जिले के सभी ग्रामीणों को शपथ दिलाई गई। जिला प्रशासन का प्रयास है कि जिले के प्रत्येक नागरिक जल संरक्षण के लिए अपना योगदान दे।

# मक्के स्कूल में विदाई व सह-सम्मान कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



गुरूवार को शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला मक्के में अशोक पांडेय को उनके शानदार सफल सेवानिवृत होने पर कक्षा 8वीं के छात्र-छात्राएं को विदाई दिया गया। श्री पाण्डेय द्वारा अपनी मेहनत, समर्पण और नेतृत्व से इस संस्थान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया तथा मार्गदर्शन और सकारात्मक रवैये ने हम सभी को प्रेरित किया है। साथ ही साथ उन्होने बिताए पल, अनुभव और छोटी-बड़ी बातें हमेशा हमारी यादों में रहेंगी। इस कार्यक्रम में ग्रापं मक्के सरपंच कार्तिक साहू, उपसरपंच नंदराम साहू, ग्राम पटेल कुमार भोलाराम साहू, एसएमसी अध्यक्ष मनोहर साहू, जलेश साहू, संकुल समन्वयक रामसिंह साहू, प्रधान पाठक कपूरराम चंद्रवंशी, प्रधान पाठक श्रीमती एलविना विलसन, शिक्षक कौशल खांडे, युगल किशोर साहू, निर्मल पात्रे, देव साहू, रसोईया भागीरथी साहू एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### महतारी सदन जिले में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और समय-सीमा पर विशेष जोर



**हरिभूमि कवर्धा।** समाज में महिलाओं की गरिमा, आत्मबल और नेतृत्व को सशक्त करने के उद्देश्य से कवर्धा जिले में महतारी सदन योजना के अंतर्गत तेजी से निर्माण कार्य जारी है। बुधवार को अधीक्षण अभियंता श्रीमती भूमिजा गबेल ने निर्माणाधीन महतारी सदनों का स्थल निरीक्षण किया और इस दौरान संबंधित ठेकेदारों एवं अभियंताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक लेकर कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने जिले के 13 ग्राम पंचायतों में चल रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी लेते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और सभी प्रोजेक्ट्स को निर्धारित समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाना है। अधीक्षण अभियंता ने सभी को निर्देशित किया कि कार्यों की पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने दोहराया कि महतारी सदन गांव-गांव तक महिलाओं के सशक्तिकरण की अलख जगाने का माध्यम बनेगा और इसे सफल बनाना हम सभी की साझा जवाबदारी है। इस योजना के अंतर्गत कवर्धा जिले के कुल 13 ग्राम पंचायतों में महतारी सदनों का निर्माण किया जा रहा है, जिनमें विकासखंड कवर्धा के कवर्धा, धरमपुरा और मोहतरा खुर्द व पंडरिया के पंडरिया, कुण्डा और भागूटोला तथा बोड़ला के बोड़ला और लखनपुर एवं सहसपुर लोहारा के सहसपुर लोहारा, खड़ौदा रवेली, पाण्डातराई व रणवीरपुर तथा विकासखंड पिपरिया के पिपरिया शामिल हैं। इन सभी ग्राम पंचायतों में महतारी सदनों के निर्माण के लिए शासन द्वारा कुल 3 करोड़ 21 लाख रूपए स्वीकृत किए गए हैं, जिसमें प्रत्येक भवन के लिए 24 लाख 70 हजार रूपए की राशि निर्धारित की गई है। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता ने यह भी कहा कि इन भवनों का निर्माण स्थानीय जरूरतों को ध्यान में रखते हुए किया जाना चाहिए, ताकि इनका प्रभावी उपयोग सुनिश्चित हो सके।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल कवर्धा में पहलगाम आतंकी हमले के शहीद जवानों व मृत पर्यटकों को श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा




दिल्ली पब्लिक स्कूल कवर्धा में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए भीषण आतंकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों एवं निर्दोष पर्यटकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दुखद अवसर पर विद्यालय के निर्देशक, समस्त शिक्षकगण, स्टॉफ तथा विद्यार्थियों ने दो मिनट का मौन रखकर मृतकों के प्रति श्रद्धा सुमन श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यह कायरतापूर्ण और क्रूर आतंकी हमला न केवल देश की शांति व्यवस्था को चुनौती है, बल्कि मानवता पर भी प्रहार है। इस हमले में जहां देश के जांबाज जवान शहीद हुए, वहीं कई निर्दोष पर्यटकों की भी जान चली गई, जो अत्यंत पीड़ा दायक है। विद्यालय के निर्देशक आशीष कुमार अग्रवाल ने इस अमानवीय घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि शहीदों का बलिदान कभी व्यर्थ नहीं जाएगा। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि इस हमले के दोषियों को शीघ्र न्याय की कठोरतम सजा दी जाए तथा शहीदों और मृत पर्यटकों के परिवारों को उचित मुआवजा एवं सहायता प्रदान की जाए। विद्यालय परिवार ने एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की और राष्ट्र के प्रति अपनी एकता, संवेदनशीलता और कर्तव्य निष्ठा को दोहराया, विद्यालय परिवार के सभी टीचर एवं स्टाफ उपस्थित थे।

# प्लास्टिक का उपयोग जीव-जंतुओं के लिए अत्यंत हानिकारक




हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी योगदास साहू व जिला मिशन समन्वयक नकुल पनागर के मार्गदर्शन में जिले के उच्च प्राथमिक विद्यालयों में यूथ एवं इको क्लब के सुचारू रूप क्रियान्वयन हेतु जिला स्त्रोत समूह के मास्टर ट्रेनरों का दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन 22 व 23 अप्रैल को जिला ग्रंथालय कबीरधाम के सभा कक्ष में प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ मां सरस्वती की तैलचित्र पर बीआरसीसी कवर्धा केसलाल साहू एवं सहायक कार्यक्रम समन्वयक व प्रशिक्षण प्रभारी श्रीमती प्रार्थना शर्मा द्वारा पूजा अर्चना कर आयोजित किया गया। जिसमे राज्य से प्रशिक्षित शिक्षक (राज्य स्त्रोत समूह) राजीव श्रीवास्तव व शिवकुमार वर्मा द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। वहीं समापन अवसर पर उन्होने सभी प्रशिक्षार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यूथ एवं इको क्लब के हर एक गतिविधियों का शत प्रतिशत क्रियान्वयन अपने-अपने विकासखंड के साथ-साथ जिला के हर एक स्कूल में होना चाहिए। पर्यावरण के संपूर्ण संरक्षण हेतु छात्र-छात्राओं, पालकों एवं आम नागरिकों को सामाजिक रूप से भी जोड़ते हुए इस पर वृहद कार्य करने की आवश्यकता है, कम से कम प्लास्टिक का उपयोग, अधिक से अधिक पौधरोपण, जल संरक्षण, वायु प्रदूषण की रोकथाम आदि प्रशिक्षण में बताएं अनुसार उपाय अपनाए तथा सामान्य जन समुदाय में भी विद्यालय के माध्यम से ही जागरूकता लाना है।

### जिले के चारों विकासखंडों से 40 मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षित किया

प्रथम दिवस के प्रशिक्षण में जमीन एवं प्लास्टिक साक्षरता तथा द्वितीय दिवस पोषण वाटिका पर विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण प्राप्तकर सभी डीआरजी अपने-अपने विकासखंडों में प्रशिक्षण प्रदान करेंगे तथा विकासखंड के माध्यम से संकुल स्तर पर होना है, जिसकी मॉनिटरिंग राज्य स्रोत समूह के साथ जिला कार्यालय के अधिकारियों द्वारा समय-समय पर की जाएगी। मास्टर ट्रेनर्स राजीव श्रीवास्तव ने पर्यावरण, यूथ एवं इको क्लब की गठन व अवधारणा, महासागर साक्षरता, जमीन एवं प्लास्टिक साक्षरता पर विशेष रूप से बतलाया साथ ही साथ प्लास्टिक की पहचान विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अवगत कराना। 12 सप्ताह की गतिविधियां, प्लास्टिक की वस्तुओं में भोजन आदि ग्रहण करने का दुष्परिणाम, समूह गतिविधियां, पेपर बैग निर्माण, सोख्ता गड्ढे का निर्माण, वॉटर हार्वेस्टिंग, जल प्रदूषण व जल संरक्षण, जमीन मेला, पौधरोपण आदि विषय पर विस्तृत रूप से प्रशिक्षण दिया गया।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### पहलगाम आतंकी हमला, मानवता पर चोट



**कवर्धा।** कवर्धा कृषि उपज मण्डी के पूर्व उपाध्यक्ष चोवाराम साहू ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए हमले में अपनी जान गवाने वाले निर्दोष पर्यटकों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट कर श्रद्धाजलि अर्पित की है। श्री साहू ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा निर्दोष नागरिकों पर किया गया कायरतापूर्ण हमला अत्यंत निंदनीय है। यह आतंकवादी हमला न सिर्फ कायरता की पराकाष्ठा है, बल्कि मानवता पर भी गहरा आघात है। किसी सदस्य की हत्या उनके बाल बच्चों के सामने करना बेहद दुखद और पीड़ा दायक है। उन्होने कहा कि इस मामले में पूरा देश एक जुट है और पीड़ित परिवार के साथ है। उन्होने कहा कि हम केन्द्र सरकार से मांग करते है कि आतंकवाद के खिलाफ कठोर निर्णय लेते हुए पहलगाम की घटना को अंजाम देने वाले आतंकियों और उन्हें संरक्षण देने वालों को मुहतोड़ जवाब दिया जाए। ताकि इस तरह की आतंकी घटनाओं की पुर्नावृत्ति न हो।

### जागरूकता के लिए कार्यशाला का आयोजन

**कवर्धा।** उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा एवं नशा मुक्ति जागरूकता के लिए कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। संबंधित विभाग द्वारा इस आयोजन की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। प्रशासनिक जानकारी के अनुसार महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में 26 अप्रैल को सड़क सुरक्षा एवं नशा मुक्ति जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।

### पहलगाम आतंकवादी हमला घोर निंदनीय



**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश मंत्री हाजी मो. सलीम हिंगोरा ने जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले में प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पहलगाम के निकट हुए आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होने कहा कि इस आतंकी हमले में रायपुर के व्यापारी भाई दिनेश मीरानिया सहित 27 निर्दोष पर्यटकों की बर्बरता पूर्वक हत्या की गई है। यह आतंकी संगठनों की कायराना हरकत अमानवीय है। जिस पर तत्काल कार्यवाही करते हुए उन्होने आतंकियों को फांसी की सजा देने की मांग की है। श्री हिंगोरा ने दिवंगतों के प्रति विन्रम श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पहलगाम के इस आतंकी हमले में अपनो को खोने का दर्द हर भारतीय को हैं, इस दुख को शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। कुरआन के अनुसार किसी बेकसूर की हत्या पूरी मानवता की हत्या है और मानवता के हत्यारों का इस्लाम धर्म से कोई सरोकर नहीं है, वैसे भी आतंकवादियों का कोई मजहब नहीं होता ये इंसानियत और समाज के दुश्मन हैं और इनकी सजा सिर्फ और सिर्फ सजाए मौत ही होनी चाहिए।

**सफलता:** शासन की नई आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति पर जताया विश्वास

# 7 लाख रुपए के इनामी नक्सली दम्पत्ति ने किया आत्मसमर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नक्सलवाद की समाप्ति के लिए घोषित नई आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रेरित होकर 7 लाख रुपए के इनामी नक्सली दंपत्ति ने कबीरधाम पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। पुलिस प्रशासन के मुताबिक ये दोनो नक्सली लम्बे समय से नक्सली संगठन से जुड़े थे और विभिन्न नक्सली गतिविधियों में शामिल होकर घटनाओं को अंजाम देते रहे हैं। लेकिन सक्रिय नक्सली रमेश उर्फ आटम गुड्डू एवं सबिता उर्फ लच्छी पोयम ने 24 अप्रैल 2025 को कबीरधाम पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया है। इस संबंध में जिला पुलिस कप्तान धर्मेन्द सिंह ने गुरूवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक प्रेसवार्ता आयोजित कर जानकारी देते हुए बताया कि आत्मसमर्पित नक्सली रमेश उर्फ आटम गुड्डू आयु 29 वर्ष प्लाटून नंबर 01, एमएमसी जोन, जीआरबी डिवीजन कमेटी का सक्रिय सदस्य था, वहीं उसकी पत्नी सविता उर्फ लच्छी पोयम आयु 21 वर्ष टांडा एरिया कमेटी की सदस्य के रूप में कार्यरत थी। दोनों बीते 8 वर्षों से एमएमसी क्षेत्र में सक्रिय रहकर नक्सली गतिविधियों में संलग्न थे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि वर्ष 2019 में थाना भोरमदेव क्षेत्रांतर्गत बकोदा जंगल में हुई पुलिस नक्सली मुठभेड़ में रमेश घायल भी हुआ था। संगठन में रहते हुए रमेश के पास 12 बोर बंदूक तथा सविता के पास 8 एमएम रायफल रही है। इस सफलता में पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेज अभिषेक शांडिल्य के मार्गदर्शन तथा पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेन्द्र सिंह के नेतृत्व में चलाए जा रहे नक्सन उन्मूलन अभियान के अंतर्गत मिली है। इस अभियान में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल, पंकज पटेल, डीएसपी नक्सल ऑपरेशन संजय ध्रुव, कृष्ण कुमार चंद्राकर की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।



### आत्मसमर्पण के बाद नक्सली दम्पत्ति ने जताई खुशी

लम्बे समय से नक्सली संगठन से जुड़कर और विभिन्न नक्सली गतिविधियों में शामिल होकर घटनाओं को अंजाम देने वाले सात लाख के ईनामी नक्सली दम्पत्ति रमेश उर्फ आटम गुड्डू और उसकी पत्नी ने सविता उर्फ लच्छी पोयम ने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नक्सलवाद की समाप्ति के लिए घोषित नई आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रेरित होकर तथा नक्सली संगठन में व्याप्त आंतरिक संघर्ष, अमानवीय व्यवहार, स्थानीय आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार तथा जंगल में कठिन जीवन से त्रस्त होकर आत्मसमर्पण का निर्णय लिया है। आत्मसमर्पित इन नक्सली दम्पत्तियों की माने तो वे आत्मसमर्पण के बाद काफी खुशी महसूस कर रहे हैं।

### शासन की विभिन्न सुविधाओं का मिलेगा लाभ

पुलिस अधीक्षक कमीरधाम धमेन्द्र सिंह से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री (गृह) विजय शर्मा द्वारा प्रस्तुत आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत नक्सली दंपत्ति को तत्काल प्रत्येक को आरएस 25,000 की प्रोत्साहन राशि कुल आरएस 50,000 नगद प्रदान की गई है। अन्य सुविधाएं शासन की पुनर्वास नीति के अनुसार शीघ्र प्रदान की जाएंगी। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा आत्मसमर्पित नक्सलियों के समुचित पुनर्वास हेतु पुलिस एवं प्रशासन को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

### जिले में अब तक कुल 11 नक्सली कर चुके हैं आत्मसमर्पण

पुलिस प्रशासन के मुताबिक जिला कबीरधाम में अब तक कुल 11 नक्सली आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा से जुड़ चुके हैं, जिनमें 10 इनामी नक्सली शामिल हैं। इस आत्मसमर्पण प्रक्रिया में जिला विशेष शाखा कबीरधाम में पदस्थ प्रधान आरक्षक घनाराम सिन्हा, प्रधान आरक्षक अभिजीत सिंह, आरक्षक कृपाराम मेरावी, नव आरक्षक लिहू उर्फ दिवाकर, नव आरक्षक करन हेमला एवं आरक्षक राय सिंह की सक्रिय भूमिका सराहनीय रही। कबीरधाम पुलिस का यह अभियान आगे भी नक्सलियों को समाज की मुख्यधारा में लौटने के लिए प्रेरित करता रहेगा।

# दलदली में चल रहा धर्मांतरण का खेल, शिकायत लेकर बोड़ला पहुंचे ग्रामीण, सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶बोड़ला

जिले के विकासखण्ड बोड़ला के बैगा आदिवासी बाहुल्य ग्राम दलदली में धर्मांतरण गिरोह सक्रिय नजर आ रहा है और क्षेत्र के भोलेभाले बैगा आदिवासियों को रूपए पैसों का लालच देने के अलावा प्रार्थना के माध्यम से उनकी बीमारियों को ठीक करने का झांसा देकर उनका धर्मांतरण करा रहे है।

इस बेहद गंभीर सनसनीखेज मामले की लिखित शिकायत लेकर गुरूवार को दलदली क्षेत्र के कुछ ग्रामीण सीधे विकासखण्ड मुख्यालय बोड़ला पहुंचे और उन्होने प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपकर इस धर्मांतरण तत्काल रोक लगाए जाने तथा धर्मांतरण का धंधा चला रहे लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किए जाने की मांग की है। ग्रामीणों ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम दलदली और आसपास के क्षेत्र में वीरसिंह टांडिया निवासी ग्राम दलदली, गंगाराम बैगा ग्राम दराई, नन्हे परस्ते ग्राम दराई, महासिंह गोंड़ ग्राम दरई, अर्जुन सिंह गोंड ग्राम दराई, दौलत सिंह गोंड़ ग्राम दराई, प्रेम यादव आदि सक्रिय है और ये क्षेत्र के भोलेभाले बैगा आदिवासियों को बहला-फुसलाकर उनका धर्मांतरण करा रहे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया कि वीरसिंह टांडिया द्वारा ग्राम दलदली की शासकीय जमीन में कब्जा कर करीब आठ साल से चर्च का संचालन कर रहा है और यहीं से धर्मांतरण का खेल खेल रहा है। उन्होने प्रशासन तथा क्षेत्रीय विधायक तथा प्रदेश के उप मुख्यमंत्री से इस पर कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

### शिकायत मिली है जांच की जाएगी

ग्राम दलदली के ग्रामीणों ने एक ज्ञापन सौंपा है जिसमें धर्मांतरण कराए जाने के संबंध में शिकायत की गई है। मामले की जांच कराई जाएगी जिसके आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

**नीतू श्रीवास, नायब तहसीलदार बोड़ला**

# बोड़ला शराब दुकान के सुरक्षा कर्मी पर अज्ञात लोगों ने किया हमला

## चेहरे पर मारा धारदार हथियार, आरोपी फरार, जांच में जुटी पुलिस






■ खून से लतपथ सुरक्षा कर्मी अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶बोड़ला

जिले की तथा कथित चाक चौबंध कानून व्यवस्था पर अज्ञात बदमाशों ने एक बार फिर गहरी चोट मारी है। बताया जाता है कि बुधवार-गुरूवार की दरमियानी रात जिले के बोड़ला थाना मुख्यालय में संचालित सरकारी शराब दुकान में कुछ अज्ञात बदमाशों ने धावा बोलकर शराब दुकान में तैनात सुरक्षा गार्ड पर धारदार हथियार से हमला कर दिया।

जिससे सुरक्षा गार्ड के चेहरे में गंभीर चोट आई है और खून से लतपथ सुरक्षा गार्ड को अब सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र बोड़ला में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी होने के बाद बोड़ला पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है लेकिन अभी तक आरोपियों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पंचायत बोड़ला में संचालित सरकारी शराब दुकान में लाल दास पिता गीता अनंत आयु 23 निवासी सारंगपुर सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्यरत है। बताया जाता है कि बुधवार-गुरूवार की दरमियानी रात लाल दास शराब दुकान में ही मौजूद था। इसी दौरान रात्रि करीब तीन बजे कुछ बदमाशों ने सरकारी शराब दुकान में धावा बोल दिया।

पहले उन्होने शराब दुकान की विद्युत सप्लाई बंद कर अंधेरा किया और फिर दरवाजा खटखटाकर सुरक्षा गार्ड को बाहर बुलाया। सुरक्षा गार्ड लालदास ने जैसे ही दरवाजा खोला अज्ञात हमलावरों ने उस पर किसी धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे लालदास के चहरे में गंभीर चोट आई है।

घटना के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद दूसरे स्टाप द्वारा घायल लालदास को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोड़ला पहुंचाया गया जहां उसका उपचार किया जा रहा है। वहीं घटना की जानकारी बोड़ला पुलिस को भी दे दी गई है। जिस पर पुलिस अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्जकर उनकी तलाश शुरू कर दी है। लेकिन अभी तक आरोपियों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। इस घटना के थाना क्षेत्र की कानून व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े किए जा रहे हैं।

### सुनियोजित ढंग से किया गया हमला

यहां बताना लाजिमी होगा कि हमलावरों ने इस हमले को सुनियोजित ढंग से अंजाम दिया है। उन्होने पूरी तैयारी के साथ पहले शराब दुकान कि बिजली काटी फिर हमला किया। ऐसे में बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि आखिर इस हमले के पीछे आरोपियों का मकसद क्या था। प्रथम दृष्टया पुलिस इसे आपसी रंजिस मान रही है। क्योंकि आरोपी हमला के बाद मौके से फरार हो गए। उन्होने शराब दुकान में किसी प्रकार की लूटपाट का प्रयास नहीं किया। बहरहाल हमले की असली वजह क्या थी यह आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ही स्पष्ट हो पाएगी।

# मिनी स्टेडियम में आधी अधूरी व्यवस्थाओं से खिलाड़ियों को हो रही समस्याएं, व्यवस्था दुरूस्थ कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव



जिले के विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव में शासन की मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना के तहत स्वीकृत लाखों रूपए की राशि से कार्य ऐजेंसी कोलेगांव ने मिनी स्टेडियम का निर्माण तो करा दिया है लेकिन ग्रामीणों और स्थानीय ग्रामीणों की माने तो यहां कोई सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गई और मिनी स्टेडियम निर्माण के नाम संबंधित कार्य ऐजेंसी ने कांटा मारी कर जमकर अनियमितताएं बरती है। ग्रामीणों ने बताया कि करीब 50 लाख रूपए की लागत से निर्मित इस मिली स्टेडियम में स्थाई विद्युत कनेक्शन नहीं दिया गया है। जिसके चलते शाम ढलते ही मिनी स्टेडियम भवन में अंधेरा गहरा जाता है और खिलाड़ियों को भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। इसी प्रकार मिनी स्टेडियम में पेयजल की व्यवस्था के लिए नया बोर खनन नहीं किया गया है। ग्रामीणों के मुताबिक मुक्तिधाम के पुराने बोर से ही काम चलाया जा रहा है। वहीं अगर मिनी स्टेडियम के खेल मैदान की बात की जाए तो यहां मैदान का सही ढंग से समतलीकरण नहीं किया गया है। पूरे मैदान में पत्थर और गिट्टी पड़ी हुई है जिससे खेल के दौरान खिलाड़ियो को चोट लगने और उनके घायल होने की आशंका बनी रहती है। मिनी स्टेडियम के इस आधे अधूरे कार्य के चलते स्थानीय खिलाड़ियों का इसका समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है जिसे देखते हुए ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मिनी स्टेडियम की व्यवस्थाएं दुरूस्थ कराए जाने जाने की मांग की है। ताकि ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान स्थानीय बच्चे अपनी खेल प्रतिभा को निखार सकें।

# विश्व क्षय दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

विश्व क्षय (टीबी) दिवस के अवसर पर सुधा देवा नर्सिंग कॉलेज, कवर्धा में टीबी उन्मूलन एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर इन कार्यक्रमों का संचालन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीएल राज, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. केशव ध्रुव, एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती अनुपमा तिवारी के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के कर्मचारी, सुधा देवा नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थी, छात्राएँ तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान रंगोली एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने टीबी उन्मूलन विषय पर अपनी रचनात्मकता और जागरूकता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का निरीक्षण स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा किया गया। जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती अनुपमा तिवारी ने प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की और सभी विजेताओं को प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कारों के साथ सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए गए।

### बोड़ला नगर पंचायत में चलाया गया सरोबर स्वच्छता अभियान



**बोड़ला।** नगर पंचायत बोड़ला में तालाबों के संरक्षण और संवर्धन करने की सोच को लेकर बोड़ला नगर के महराज बंध तालाब (बड़े तालाब) में स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें स्वच्छता को लेकर समाज प्रमुखों ने अपनी सहभागिता निभाई। स्वच्छ, सुंदर और विकसित बोड़ला के उद्देश्य को लेकर नगर पंचायत की पूरी टीम एक दिशा में कार्य कर रही है जिसमें नगर पंचायत प्रशासन, समस्त पार्षदगण, समाज प्रमुखों और नगर के गणमान्य की विशेष भूमिका रही। इस दो दिवसीय इस स्वच्छता अभियान के प्रथम चरण में बाजार और बड़े तालाब को चिन्हांकित किया गया है। आने वाले समय में पुनः योजना बनाकर लगातार स्वच्छता की दिशा में निरंतर कार्य किया जाएगा। नगर पंचायत अध्यक्ष विजय पाटिल ने नगरवासियों से आग्रह है कि स्वच्छता में हमारा साथ दे कूड़े, कचड़े को नली या तालाब में न फेंके उसे व्यवस्थित उसे कूड़े दान में डाले और सुबह जब स्वच्छता दीदी आपके घर और दुकान के सामने आए तो उसे गाड़ी में डालें। उन्होने कहा कि हम सभी मिलकर ही नगर को स्वच्छ व सुंदर बना सकते हैं।

**प्रधान जिला न्यायाधीश कवर्धा ने अधिकारियों की बैठक लेकर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**

# नेशनल लोक अदालत का आयोजन 10 मई को

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली (नालसा) के निर्देशानुसार 10 मई, 2025 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कबीरधाम श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे द्वारा निरन्तर आवश्यक बैठक आयोजित की जा रही है। 21 अप्रैल 2025 को समस्त न्यायाधीशगण की बैठक ली गई एवं दिनांक 22 अप्रैल 2025 को जिला प्रशासन के अधिकारियों की बैठक ली गई वहीं 23 अप्रैल को सभी बीमा कॅम्पनियों के अधिकारियों, अधिवक्ताओं तथा पक्षकारों के अधिवक्ताओं के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक कर मोटर दावा दुर्घटना के लम्बित प्रकरणों को राजीनामा से निराकृत करने के संबंध में परिचर्चा की गई। जिला प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की जाकर अधिकाधिक राजीनामा योग्य प्रकरणों के संबंध में कार्यवाही करने तथा नोटिस तामिली के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये गये। बैठक में प्रमुख रूप से राजीनामा योग्य अधिकाधिक प्रकरणों का निराकरण तथा प्रीलिटिगेशन (मुकदमा पूर्व वाद प्रकरण) प्रकरणों का अधिक से अधिक संख्या में रखा जाकर, निराकरण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। नगर निगम, विद्युत विभाग, बीएसएनएल एवं बैंको को वसूली योग्य प्रकरणों को प्रीलिटिगेशन (मुकदमा पूर्व वाद) प्रकरण के रूप शीघ्र प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है। नेशनल लोक अदालत दिनांक 10 मई 2025 में राजीनामा योग्य समस्त प्रकृति के प्रकरणों का निराकरण किया जाना है, जिसमें दाण्डिक प्रकरण, चेक बाउन्स अर्थात 138 वाले मामले, बैंक रिकवरी अर्थात प्री-लिटिगेशन प्रकरण, मोटरयान अधिनियम से संबंधित प्रकरण, भरण पोषण एवं पारिवारिक विवाद प्रकरण, श्रमिक प्रकरण, जमीन विवाद प्रकरण, सम्पत्ति विवाद, विद्युत प्रकरण, जलकर प्रकरण, सम्पत्ति कर, टेलीफोन बिल वसूली प्रकरण तथा राजस्व प्रकरणों को नियत किया गया है।

# जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हिन्दुओं की हत्या, अमानवीय व कायराना करतूत निंदनीयः चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



पहलगाम में 26 निहत्थे हिंदू नागरिकों की निर्मम हत्या, वह भी केवल उनके धर्म की पहचान पूछकर, यह एक अमानवीय, कायराना और अत्यंत निंदनीय कृत्य है। आतंकवादियों द्वारा कलमा पढ़ने आता है कि नहीं पूछकर और हिंदू नाम सुनकर की गई यह हत्याएं सिर्फ मानवता पर हमला नहीं, बल्कि भारत की आत्मा पर आघात हैं। पूरा हिंदू समाज इस पर आक्रोशित है, और मैं इसकी घोर निंदा करता हूँ। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि कवर्धा नगर पालिका क्षेत्र की ओर से भी एक स्पष्ट संदेश देना चाहता हूँ कवर्धा की शांति से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। यदि कोई भी व्यक्ति अवैध रूप से, बिना राशन कार्ड या आधार कार्ड के यहां निवास कर रहा है, तो उनकी सघन जांच की जाएगी, उन्हें चिन्हित कर डिटेल किया जाएगा और कानूनी प्रक्रिया के अनुसार नगर से बाहर किया जाएगा। कवर्धा की सीमाओं के भीतर किसी भी प्रकार की अवैध आसामाजिक गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश ने बताया कि भारत सरकार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस जघन्य अपराध का करारा और निर्णायक उत्तर देगी। यह नया भारत है जो न सिर्फ सहनशील है बल्कि आवश्यकता पड़ने पर निर्णायक कार्यवाही भी करना जानता है। पाकिस्तान प्रेरित इस जिहाद को भारत सहन नहीं करेगा। आतंकवाद के खिलाफ भारत का रुख स्पष्ट है, कश्मीर भारत का गौरव है। जब से धारा 370 हटाई गई है, कश्मीर एक नए युग में प्रवेश कर चुका है। वहां पर्यटन फला-फूला है, विकास की नई किरणें फैली हैं, और आम जनता सुकून की सांस ले रही है। शायद यही बदलाव आतंकवादियों को रास नहीं आया और उन्होंने फिर से डर का माहौल बनाने की साजिश रची। लेकिन यह स्पष्ट है भारत और भारतीय कश्मीर को फिर कभी आतंक का अड्डा नहीं बनने देंगे। हमारा संकल्प है एक शांतिपूर्ण, सुरक्षित और विकसित कवर्धा और एक अखंड, सशक्त भारत। यह देश संविधान के मार्ग पर चलता है लेकिन जब भी कोई उस संविधान, उस मानवता या उस धर्म निरपेक्षता पर हमला करता है, तो भारत दृढ़ता से अपने लोगों की रक्षा करता है।